## एक नजर

### 5 तक गर्मी से नहीं राहत, 6 को हो सकती है बूंदाबांदी

बरेली, अमृत विचार : जिले में लोगों को अभी एक सप्ताह तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने 6 मई को बूंदाबांदी का पूर्वानुमान जताया है लेकिन गर्मी कम नहीं होगी। मंगलवार को दिन में तेज धूप और गर्म हवा से लोग बेहाल हो गए। इस दौरान अधिकतम तापमान 38 .8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 .3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22-25 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने का पूर्वानुमान है। वहीं छह मई को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश की संभावना जताई जा रही है।

### शीशे टूटने से दो सिटी बसों का संचालन रोका

बरेली, अमृत विचार : शीशे टूटने की वजह से दो सिटी बसों का संचालन रोक दिया गया है। डिपो मैनेजर ने शीशे मंगवाने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा है। दो बसें बंद होने से अब जिले में 23 बसें ही चल रही हैं। आंवला और शीशगढ़ रूट पर चलने वाली एक-एक बस का संचालन शीशा टूटने की वजह से रोक दिया गया है। शीशा टूटने की वजह से सिटी बसों की फिटनेस भी नहीं हो पा रही है। सिटी बस के डिपो मैनेजर राहुल यादव ने बताया कि दो बसों के सामने के शीशे टूटे होने पर उन्हें होल्ड पर रख दिया गया है

# सीट रिजर्व कराकर भी खड़े होकर सफर अभी और क्या-क्या दिन दिखाएगा रेलवे

## जनरल कोच में जगह न मिलने पर आरक्षित कोच में घुस रहे हैं यात्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक्स पर रोज सैकड़ों शिकायतों की भरमार लेकिन कोई सुनने वाला नहीं
- जनरल कोच घटाने से लगातार बढ़ रहा है संकट, एसी कोच में भी चैन से सफर नहीं

अमृत विचार : चुनाव के मौसम में वादों की बरसात हो रही है लेकिन ट्रेनों में सफर करने वालों का हाल खराब है और कोई उनकी सुध भी लेने को तैयार नहीं है। जनरल कोच कम कर दिए जाने से इस कदर संकट गहराया है कि ट्रेनों में पैर रखना मुश्किल हो गया है। जनरल टिकट लेने वालों की भीड़ आरक्षित और एसी कोचों में भरने लगी है। लोग आरक्षित और एसी कोच का टिकट लेकर भी चैन से सफर नहीं कर पा रहे हैं। कहने को यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 50 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चला रहा है लेकिन संकट कम नहीं हो रहा है। एक तो ट्रेनें देरी से चल रही हैं दूसरे उनमें जगह भी नहीं मिल रही है। भीड़ इतनी ज्यादा है कि कोच में शौचालय जाने तक का रास्ता भी जाम हो जा रहा है। स्लीपर और जनरल कोच में कोई अंतर नहीं रह गया है। रेल प्रशासन के सारे इंतजाम बेकार जा रहे हैं। मंगलवार को भी तमाम यात्रियों ने एक्स पर रेलवे अधिकारियों से शिकायतें कीं लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

12231 लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रहे पुनीत कुमार सिंह ने एक्स पर शिकायत करते हुए लिखा कि ट्रेन के एस-2 कोच में उनकी 70 नंबर बर्थ है, इस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। 14207 पद्मावत एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री ने ट्रेन के अंदर की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि स्लीपर और जनरल कोच में कोई फर्क नहीं रह गया है। उदयपुर सिटी के थर्ड एसी कोच में सफर कर रहे उदय शंकर ने फर्श पर लेटे हुए यात्रियों और सद्भावना एक्सप्रेस में सिद्धार्थ शर्मा ने ट्रेन के एसी फर्स्ट कोच में ट्रेन के दरवाजे के पास परिवार के बैठने की तस्वीरें पोस्ट कीं।


ट्रेन की फर्श पर लेटकर सफर करते यात्री।


सद्भावना के एसी फर्स्ट कोच के गेट पर बैठे यात्री।

### किसान आंदोलन : 20 से ज्यादा ट्रेनें लेट पहुंचीं

बरेली,अमृत विचार : किसान आंदोलन की वजह तेरहवें दिन भी बरेली जंक्शन पर 20 से ज्यादा ट्रेनें देरी से पहुंचीं। इसकी वजह से यात्री इंतजार करते रहे। मंगलवार को 12332 हिमगिरी 5 घंटे 35 मिनट, 22423 गोरखपुर अमृतर सुपरफास्ट 9 घंटे 33 मिनट, 13006 पंजाब मेल 3 घंटे 13 मिनट, 13152 सियालदह 4 घंटे 15 मिनट, 13308 गंगा सतलुज 13 घंटे, 14617 जनसेवा 2 घंटे 23 मिनट, 14618 जनसेवा 6 घंटे 30 मिनट और श्री वैष्णोदेवी कटरा समर स्पेशल ट्रेन 5 घंटे 24 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। वहीं बुधवार को 15098 अमनराथ, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी, 13152 सियालदह, 13151 सियालदह, 14674 शहीद, 14649 सरयू यमुना, 12470 जम्मूतवी कानपुर सेंट्रल और 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

## बरेली से लखनऊ के बीच चल सकती है मेमो

हरदोई/बरेली,अमृत विचारः रेल प्रशासन जल्द ही बरेली से लखनऊ के बीच मेमो ट्रेन शुरू कर सकता है।

रेलवे के सूत्रों के मुताबिक जल्द ही बरेली लखनऊ के बीच मेमो ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा, जिससे जनरल टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। शाहजहांपुर से लखनऊ के बीच एक मेमो संचालित होती थी, जिसे बदलकर अब पैसेंजर का रूप दे दिया गया है। यह ट्रेन शाहजहांपुर से चलकर हरदोई सुबह लगभग 6:21 बजे आती है, वहीं लखनऊ से चलकर सुजानपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन रात लगभग 9:03 बजे हरदोई पहुंचती है। ट्रेन के एक बार अप व डाउन में फेरे लेने से यात्रियों की संख्या इस ट्रेन में कम रहती है। रेल यात्री लगातार इस रूट पर पैसेंजर ट्रेनों के बढ़ाये जाने की मांग भी रेल प्रशासन से कर रहे हैं। उम्मीद है जल्द ही रेल प्रशासन यात्रियों की मांग को पूरा करेगा।

# सिविल लाइंस में ट्रांसफार्मर में फाल्ट से पांच घंटे बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्टेशन रोड और स्टेट बैंक कॉलोनी समेत कई इलाके हुए प्रभावित

अमृत विचार : सिविल लाइंस इलाके में सोमवार रात ट्रांसफार्मर में फाल्ट की वजह से रात 9 बजे गुल हुई बिजली पांच घंटे बाद तीन बजे के बाद बहाल हो सकी। मंगलवार को भी दिन भर ट्रिपिंग होती रही, इससे स्टेशन रोड, स्टेट बैंक कॉलोनी समेत कई इलाके प्रभावित हुए। सुभाषनगर और कोहाड़ापीर क्षेत्र में भी मरम्मत कार्य की वजह से कई घंटे बिजली गुल रही।

स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी आलोक कुमार ने बताया कि सोमवार रात 9 बजे बिजली गुल जाने के बाद फाल्ट को ठीक करने के लिए स्टाफ काफी देर से भेजा गया। इस वजह से हजारों लोगों को दिक्कत से जूझना पड़ा। जेई श्यामवली वर्मा ने बताया कि ट्रांसफार्मर में हुए फाल्ट को ठीक करने में घंटे का समय लग गया। रात में 3 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। इस बीच स्टेशन रोड समेत कई अन्य इलाकों में भी घंटों बिजली कटौती की गई।

सिविल लाइंस में मंगलवार को भी पूरे दिन लोगों को ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ा। उधर, कोहाड़ापीर सबस्टेशन से जु. अशोक नगर में दोपहर दो से पांच बजे तक और नैनीताल रोड पर सुबह 10 से दो बजे तक मरम्मत के लिए कटौती की गई। शहर के किला, सीबीगंज, जगतपुर में भी कटौती और ट्रिपिंग का क्रम जारी रहा। सुभाषनगर में सोमवार को 33 केवी लाइन की मरम्मत की गई। इस वजह से सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक सुभाषनगर और मढ़ीनाथ उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में बिजली बाधित रही।

### किला उपकेंद्र से जुड़े कई मोहल्लों की बिजली गुल

किला उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में बिजली की भूमिगत लाइन में फाल्ट होने से मंगलवार रात 10 बजे तक बिजली का संकट रहा। एसडीओ भगवान दास ने बताया कि उपकेंद्र के फीडर नंबर नौ पर मंगलवार की दोपहर भूमिगत लाइन में फाल्ट हो गया था जिससे गुलाब नगर, केलाबाग चौधरी मोहल्ला, बानखाना आदि इलाकों में दोपहर 3 से रात 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। रात 10 बजे फाल्ट ठीक करने के बाद बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया।

### आज इन इलाकों में कटौती

शहर के कई इलाकों में बुधवार को भी बिजली कटौती की जाएगी। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि बुधवार को हरुनगला विद्युत उपकेंद्र में मरम्मत कार्य की वजह से सुबह सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। जिससे हरुनगला, पवन विहार, सरस्वती विहार, बाईपास, सुरेश शर्मा नगर, रामगंगानगर, ग्रीन पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

## पर्चा काउंटर के सामने भरा पानी मरीजों को झेलनी पड़ी दिक्कत


जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर के बाहर भरे पानी से निकलते मरीज। • अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर के सामने दूसरे दिन भी पानी भरा रहा। इससे मरीजों को ओपीडी तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। चार महीने से जिला अस्पताल परिसर में सड़कों का निर्माण चल रहा है। सड़क निर्माण के कारण पर्चा काउंटर के बाहर जलभराव हो गया। मरीजों को ओपीडी तक पहुंचने में गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

## बिना रीडिंग जारी कर दिए 5771 बिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने अप्रैल के गलत बिल बनाने की शिकायत की
- अधीक्षण अभियंता ने एसडीओ को पत्र लिखकर बिलों में सुधार के दिए निर्देश

अमृत विचारः ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के गलत बिल बनाने से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। अप्रैल में भी 5771 उपभोक्ताओं ने गलत बिल बना दिए गए। इस पर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने एसडीओ को बिल में सुधार के निर्देश दिए हैं। पिछले दिनों गलत बिल बनाने पर 10 से अधिक मीटर रीडरों को काम से भी निकाला गया था।

गलत बिल बनाने के मामले सामने आने पर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने अवर अभियंता और कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि बिल बनाने जाने वाली मीटर रीडरों के साथ कर्मचारी मौके पर जाएंगे लेकिन उसके बाद भी सुधार नहीं किया गया। मीटर रीडरों ने अप्रैल में बिना रीडिंग के 5771 गलत बिल बनाकर उपभोक्ताओं को दे दिए। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि गलत बिल बनने के मामले सामने आने पर संबंधित क्षेत्र के एसडीओ से जवाब तलब किया है।




School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

Basubaral Saraswati Vihar
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi
With Maths, Science, Commerce and Humanities Stream
Admission Open
For Classes I to XIIth Session 2024-25
HURRY!
Limited Seats are available
Special Features : • Pollution Free 5 Acre Campus • Normal Fees with Highest Values • Smart Classes • Digitization of School Administration • CCTV Secured Campus • Online Feedback of Students with Parent • Transport Facility • Leading School in Sports activities
Please Note :
• Admission will be on merit base/entrance exam • New Session will be commenced from 1 April 2024
• Regular Classes are running - Hurry up! • Prospectus/Admission Forms are available in school
Apna Ghar Parisar, Bisalpur Road, Bareilly-243006
Mob.: 7983035601, 8791688082, 8869098082

M.S. Convent School
Gopal Nagar, Near Abhishek Sweets, Sanjay Nagar, Bareilly
Pre NC to 8th
English Medium Co-Education (Based on CBSE Pattern)
Features :
• Education By Smart Classes (projector)
• Well Educated Teachers
• Fully Airy Classroom
• Vehicle Facility is Available (Van, Rickshaw)
ADMISSION OPEN
M.: 9411007501, 8410361612, 8218345868




# देश के लोकतंत्र और संविधान को कोई खतरा नहीं

## लोकसभा युवा सम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- खतरा सिर्फ राहुल-अखिलेश के भविष्य को

- पुलवामा व सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल खड़े करने वाले भ्रष्टाचार के दलदल में
- कोरोना के टीके पर सवाल खड़े कर वैज्ञानिकों का अपमान किया था सपा प्रमुख ने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को कोई खतरा नहीं है, लेकिन राहुल गांधी और अखिलेश यादव के राजनीतिक भविष्य के लिए खतरा जरूर है। उन्होंने 2014 और 2017 के बाद बरेली में हुए विकास का हवाला देते हुए कहा कि यह तो अभी ट्रेलर है। असली पिक्चर तो 4 जून के बाद दिखेगी। 2024 का चुनाव देश को सौ साल आगे ले जाएगा।

केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को बदायूं रोड पर एक रिसोर्ट में आयोजित लोकसभा युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा प्रमुख ने कोरोना काल में बनाए गए टीके पर सवाल खडे.कर देश के वैज्ञानिकों का अपमान किया था। पुलवामा की घटना और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल पर खड़े करने वाले इंडी गठबंधन के लोग भ्रष्टाचार के दलदल में हैं। अनुच्छेद 370 हटने के बाद बरेली की तरह जम्मू कश्मीर में भी तिरंगा लहरा है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि न खाएंगे न खाने देंगे। जिसने भी भ्रष्टाचार किया, उसकी एक-एक पाई को वसूलकर गरीबों के उत्थान में लगाएंगे, इससे ये लोग घबराए हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में लव, लैंड या वोट जिहाद नहीं चलने वाला है। यहां सिर्फ विकास और प्रधानमंत्री की विकसित भारत की गारंटी चलेगी। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में गठबंधन फेल हो गया था। इंडी गठबंधन वाले क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पीएम बनने से रोक पाएंगे। वह मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं। दो चरणों के चुनाव में उनका खाता नहीं खुला है। लोगों से पूछा, बरेली में क्या साइकिल चलने वाली है, जवाब मिला न। उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेने वाले भारत माता और गरीबों की सेवा करेंगे लेकिन सपा की सदस्यता लेने वाले गुंडे-माफिया का गैंग तैयार करेंगे। वैसे भी सपा आईसीयू में है और जनता से आक्सीजन मांग रही है जो मिलने वाली नहीं है। 2017 से पहले ये स्थिति थी कि जिस कार में सपा का झंडा होता था, उसमें गुंडा होता था। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रशांत पटेल समेत युवा मोर्चा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


बदायूं रोड के एक रिसोर्ट में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

### यहां मौजूद सभी लोगों को पीएम मोदी बनाता हूं

केशव प्रसाद ने कहा कि बरेली में चुनाव के लिए आज से सिर्फ पांच दिन बचे हैं। यहां मौजूद सभी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनाता हूं। आप लोग मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम हो। अपने बूथ को जीतने में पूरी ताकत लगा दो। कहा, पिछले दिनों प्रधानमंत्री रोड शो करने आए थे, तब आप लोगों से बात नहीं कर पाए, मेरी उनसे बात हुई थी। उन्होंने अपना प्रणाम भेजा है और हर बूथ पिछले चुनाव से 370 वोट ज्यादा डलवाने की जिम्मेदारी दी है, क्या इसे पूरा कर पाओगे। कार्यकर्ताओं ने जवाब दिया, हां।

### 2014 में लहर, 2019 में आंधी, इस बार मोदी की सुनामी

डिप्टी सीएम ने कहा कि कल्याण सिंह के निधन पर पुष्पांजलि तक अर्पित न करने वाले लोग चार सौ किमी दूर फातिहा पढ़ने जा रहे हैं। सपा और कांग्रेस ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण तक ठुकरा दिया। इस बार राम भक्त और राष्ट्र भक्त उन्हें ठुकराएंगे। बोले, 2014 में लहर थी, 2019 में आंधी और इस बार मोदी की सुनामी है।

## एक नजर

### दो गैरहाजिर मतदान कर्मियों पर एफआईआर 36 को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र नवाबगंज और बिथरी चैनपुर में लगाए गए 3432 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नहीं आने वाले दो कर्मियों पर एफआईआर कराई गई है। सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि मंगलवार को दोनों पालियों में 36 मतदान कार्मिक गैरहाजिर रहे, सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। पिछले दिनों ट्रेनिंग से अनुपस्थित रहीं शिक्षामित्र शिल्पी रानी और अनुदेशिका किरन मेहरोत्रा को नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी दोनों ने ट्रेनिंग नहीं ली।

### चुनाव ड्यूटी से बचने को दे दिए बंद मोबाइल के नंबर

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से बचने के लिए नगर निगम के कई कर्मचारियों ने या तो रिश्तेदारों या फिर बंद मोबाइल नंबर डाल दिए हैं। जब इन्हें प्रशिक्षण के लिए बुलाया जा रहा तो इसका पता चल रहा है, जिससे अफसर हैरान हैं। अब ऐसे कर्मचारियों की सूची बना कर इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। लोकसभा चुनाव में पहली बार नगर निगम के अधिकारी, लिपिक और अन्य स्टाफ के साथ ही सफाई कर्मचारियों तक की ड्यूटी लगाई गई है। अपर नगर आयुक्त एसके यादव का कहना है कि निगम स्टाफ ने फार्म में जो मोबाइल नंबर दिए उन पर सूचना दी जा रही है।

## तीन हजार से ज्यादा मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से डाले वोट

- 325 बुजुर्गों और दिव्यांगों ने घर बैठे किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान कर्मियों का पोस्टल बैलेट से मंगलवार को मतदान समाप्त हो गया। पिछले चार दिनों में बरेली और आंवला से 3052 मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है।

नोडल अधिकारी डाक मत पत्र अविनाश चंद्र ने बताया कि बरेली से मंगलवार को 846 लोगों ने मतदान किया और 175 लोगों ने ईडीसी प्राप्त की। वहीं चार दिन में 1632 ने वोटिंग की। इसी तरह से आंवला से मंगलवार को 389 ने डाक मत पत्र से मतदान किया है। चार दिन में मतदान करने वालों की संख्या 1420 है। इसके अलावा मंगलवार को बरेली से 325 लोगों ने घर बैठे मतदान किया है, जिसमें 221 लोग 85 वर्ष से अधिक के हैं, जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 104 है। इसी तरह से आंवला में कुल 238 लोगों ने मतदान किया, इसमें 85 वर्ष से अधिक के 123 और दिव्यांगों की संख्या 115 है।

## अमित शाह की जनसभा की तैयारियां परखीं

**बरेली, अमृत विचार :** हार्टमन रामलीला मैदान पर 2 मई को गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को रैली संयोजक रजनीकांत माहेश्वरी, जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने पुलिस-प्रशासनिक अफसरों के साथ रामलीला मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद पार्टी कार्यालय पर बैठक कर रैली की रूपरेखा तैयार की गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, डॉ. केएम अरोरा, लोकसभा प्रभारी राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अखिलेश मुस्लिम विरोधी, बरेली में नोटा दबाएं मुसलमान : शहाबुद्दीन


- मुस्लिम जमात का आंवला-बदायूं में बसपा के समर्थन का एलान

**बरेली, अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मुफ्ती मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने अखिलेश यादव को मुस्लिम विरोधी बताते हुए मुसलमानों से बरेली लोकसभा सीट पर नोटा का बटन दबाने की अपील की है। उन्होंने आंवला और बदायूं में बसपा प्रत्याशियों के भी समर्थन का एलान किया है।

मौलाना शहाबुद्दीन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लोकसभा चुनाव में मुसलमान सवाल कर रहे हैं कि वोट किसे दें। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव अपनी चुनावी सभाओं में मुसलमान शब्द का इस्तेमाल करते हुए डर रहे हैं। मंच से मुसलमानों को धक्के देकर उतारा जा रहा है। 22 मुस्लिम बहुल लोकसभा सीटों पर मुसलमानों को टिकट न देकर गैर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे गए। सदन में मुसलमानों की नुमाइंदगी को एक साजिश के तहत खत्म किया जा रहा है। बरेली में हुई सपा की सभा में आजम खां का फोटो तक नहीं लगाया गया। शहाबुद्दीन ने कहा कि अखिलेश मुसलमानों की दाढ़ी और टोपी से नफरत करते हैं। वह मुस्लिम वोटों की तिजारत कर रहे हैं लेकिन मुसलमान उनकी तिजारत को बंद कर देगा। बरेली लोकसभा सीट पर कोई मुसलमान उम्मीदवार नहीं है। इसलिए मुसलमान नोटा का बटन दबाएं। सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन पर भी उन्होंने मुसलमानों और उनके मुद्दों से दूरी बनाए रखने का आरोप लगाया। मौलाना हाफिज नूर अहमद अजहरी, मुफ्ती मजहर इमाम कादरी, मौलाना मुजाहिद हुसैन, मौलाना अरबाज रजा, मौलाना अनिसुल रहमान, मौलाना अब्सार अहमद आदि मौजूद रहे।

## मोदी के तीसरे कार्यकाल में होंगे ऐतिहासिक कार्य : धर्मेंद्र कश्यप

- आंवला के भाजपा प्रत्याशी ने बिथरी क्षेत्र में की जनसभा

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला ससंदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप ने मंगलवार को बिथरी विधानसभा क्षेत्र के गांव पुन्नापुर मार्ग पर एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का पहला कार्यकाल उम्मीदों से भरा रहा। दूसरा कार्यकाल विश्वास का था और अब तीसरा गारंटी का है। तीसरे कार्यकाल में ऐतिहासिक काम होंगे, देशवासी जिसके साक्षी बनेंगे।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विपक्षी पार्टियों के बड़े- बड़े नेता जहां सोचना बंद करते हैं, वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच शुरू होती है। बिथरी विधायक राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि यह चुनाव देश का चुनाव है। एक तरफ विश्वविख्यात नेता नरेंद्र मोदी है तो दूसरी तरफ उनका मुकाबला करने के लिए कोई नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से जात पात की राजनीति समाप्त कर दी है। विधायक ने लोगों से अपील की कि 7 मई को कमल का बटन दबाकर धर्मेंद्र कश्यप को भारी वोटों से विजयी बनाए। भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी के लिए देश में सिर्फ 4 जातियां हैं, महिला, गरीब, युवा और किसान। इनके उत्थान में वह दिन-रात लगे हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति महेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की देन है कि कोई गुंडा माफिया किसी की जमीन पर कब्जा नहीं कर पा रहा है न ही बहन बेटियों को परेशान कर पा रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी ने गरीब को गणेश मानकर सेवा की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुनील कश्यप, राजेन्द्र पटेल, मोहन राजपूत, नीरज पटेल, केपी सिंह राजपूत, योगी पटेल, मनोज कुमार सिंह, पंकज यादव, हीरा लाल पटेल आदि मौजूद रहे।



आंवला संसदीय क्षेत्र में जनसभा करते भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप।

## जन-जन का प्यार और अपार समर्थन दिलाएगा जीत: ऐरन


बरेली लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

- सपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क प्रो. वसीम बरेलवी से लिया आशीर्वाद

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व सांसद और बरेली लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के तहत सपा के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने मंगलवार को धुआंधार चुनाव प्रचार किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों के दिल से उतर चुकी है। जिस तरह लोगों का प्यार और अपार समर्थन उन्हें मिल रहा है, उससे वह आश्वस्त हैं कि वह भारी वोटों से जीतेंगे।

प्रवीण सिंह ऐरन ने मंगरवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र में बिहारीपुर, सौदागरान, बिहारीपुर ढाल होते हुए सुभाष बाल वाटिका से डलाव वाली मठिया, बिहारीपुर से मेमरान आदि क्षेत्रों में पद यात्रा कर जनसंपर्क किया। शुरुआत बिहारीपुर ढाल से हुई जहां सपा के जोन प्रभारी सुजीत भारती के साथ तमाम लोग मौजूद थे। यहां ऐरन का व्यापारी नीरज वैश्य, रवि वैश्य आदि समेत भारी जनसमूह ने स्वागत किया। इसके बाद पूरन स्वीट्स पर भी भव्य स्वागत हुआ। टंडनबाड़ा पर राहुल मेहरोत्रा एडवोकेट, दिनेश शास्त्री आदि ने स्वागत किया। मलूकपुर चौराहे पर पार्षद सलीम पटवारी, पूर्व पार्षद अखलाक अली और ताज खान ने स्वागत किया, फिर लोगों से वोट देने की अपील की। इसके बाद ऐरन बमनपुरी होते हुए कूचा सीताराम और कन्हैया टोला होते बमनपुरी में वापस आकर गढ़ैया पहुंचे। यहां कांग्रेस के पूर्व सभासद महेश पंडित ने उनका स्वागत किया। ऐरन ने यहां अंतर्राष्ट्रीय शायर प्रो. वसीम बरेलवी के निवास पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान राकेश शंखधार, मेघाव्रत शास्त्री, पंकज उपाध्याय एडवोकेट, प्रवीण शंखधार, मुकेश मिश्रा, दिलीप रस्तोगी, इकबाल सिंह, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी, सपा महासचिव पंडित दीपक शर्मा, राज शर्मा, दिनेश यादव, सुजीत भारती, ऋषि यादव, अमित गिहार, दिलीप कुमार, केके शर्मा, धीरज दीक्षित, योगेश जौहरी, सम्राट अनुज मौर्या, अनिल कुमार शर्मा, आमिर हुसैन, सुनील मिश्रा, अदनान आदि लोग मौजूद रहें। दूसरी ओर पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने भी मॉडल टाउन, जनकपुरी, राजेंद्रनगर, इंद्रानगर, कर्मचारी नगर रोड और रामलीला गौंटिया में जनसंपर्क किया। अम्बिका आवास के सामने सभा कर मौर्य समाज के लोगों से वोट मांगे।

## संविधान-आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा : नीरज मौर्य


आंवला लोकसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य।

- सपा प्रत्याशी ने फरीदपुर, बिथरी क्षेत्र में कीं नुक्कड़ सभाएं

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि भाजपा देश से आरक्षण और संविधान खत्म करना चाहती है। अगर वह जीती तो इसके बाद देश में कभी चुनाव भी नहीं होंगे और लोगों का बराबरी का हक मारा जाएगा। उन्होंने भाजपा के मंसूबे नाकाम करने के लिए उसे भारी वोटों से हराने की अपील की।

बिथरी चैनपुर और फरीदपुर के कई गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा इसलिए दिया है ताकि वह आरक्षण के साथ उस संविधान को भी समाप्त कर सके जिसमें बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने गरीबों, मजलूमों और वंचितों को बराबरी का हक दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इरादों को नाकाम करने की जिम्मेदारी जनता पर है। कहा, भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। आवारा पशु किसानों की फसलें खा रहे हैं। गोशालाएं भी फर्जी तरीके से चल रही है। नीरज मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि विदेशों में भारत का डंका बज रहा है लेकिन उन्हें तो आंवला में ही कहीं डंका बजता दिखाई नहीं दिया। यहां सड़कें जर्जर है। सांसद को इतना घमंड हो गया है कि वह किसी को कुछ नहीं समझते। ब्राह्मण, क्षत्रिय, पिछड़े वर्ग के साथ एससी-एसटी का भी अपमान करते हैं। सपा प्रत्याशी ने बिथरी चैनपुर और फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के केसरपुरा, मियूढी, पूरनपुर, उगनपुर, नत्थूपुर, रामपुर, लहिया, बिथरी, भढरिया सरकरा समेत दर्जनों गांवों में नुक्कड़ सभाएं करके वोट मांगे। इस दौरान उनके साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र पटेल दद्दा, डॉ. देवेंद्र यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव गुड्डू, पूर्व पार्षद अशोक यादव, सपा नेता डॉ. मुश्ताक अशफाक सकलैनी, गुरुबचन पटेल, चमन पटेल, धनपाल प्रधान, अमन पटेल, अमित पटेल, विनोद पटेल, निरंजन सिंह पटेल, रविंद्र पटेल, मोहित पटेल, गोपाल, संजय मेवाती, आदि थे।

## नोटिस के बाद छह उम्मीदवारों ने चुनावी खर्च का दिया ब्योरा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली और लोकसभा क्षेत्र के छह प्रत्याशियों ने चुनावी खर्च का ब्योरा नहीं दिया था। मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया तो उम्मीदवारों ने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में पहुंचकर प्रथम व्यय लेखा का मिलान कराया। बरेली और आंवला सीट से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को 27 अप्रैल, 1 मई और 5 मई तक चुनावी खर्च का मिलान कराना है। 27 अप्रैल तक बरेली लोकसभा क्षेत्र के 13 प्रत्याशियों में से भारत जोड़ो पार्टी के नाजिम अली, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के रवि कुमार, जन शक्ति एकता पार्टी के रोहिताश कश्यप और निर्दलीय नितिन मोहन और आंवला से नौ उम्मीदवारों में से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के निर्मोद कुमार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राजकुमार पटेल ने ब्योरा नहीं दिया था। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि नोटिस के बाद सभी छह उम्मीदवारों ने चुनावी खर्च का मिलान करा लिया है।

## ईवीएम ले जाने वाली गाड़ियों में लगेगा जीपीएस

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के साथ मंगलवार को परसाखेड़ा में पोलिंग पार्टियों की रवानगी और ईवीएम प्राप्ति स्थल पर पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को 3 मई तक सभी तैयारियां दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आदेश दिए कि ईवीएम को लेकर जाने वाली गाड़ियों में जीपीएस जरूर लगा हो, ताकि वाहनों को ट्रैक किया जा सके। उन्होंने मतदान कार्मिकों को चुनाव से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराकर उसका मिलान कराने की बात कही। अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी को निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टी के गुजरने वाले रास्ते को सही करा लिया जाए। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को पार्किंग स्थल पर उजाले और अपर नगर आयुक्त को पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल और सफाई के निर्देश दिए। एआरटीओ को निर्देश दिए कि सभी रास्तों में दो दिन में बैरियर लगा दिए जाएं।

## जनता का मंच

### रेवन्ना के कृत्य से क्या देश की राजनीति कलंकित हुई है?

**बरेली, अमृत विचार :** कर्नाटक की हासन सीट से चुनाव लड़ रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना के करीब तीन हजार सेक्स टेप सामने आने की घटना बता रही है कि भारतीय राजनीति किस हद तक कलंकित हो चुकी है। लोगों का कहना है कि नेताओं के चरित्र पर सवाल उठते रहते हैं, लेकिन रेवन्ना के बारे में जो खबरें सामने आई हैं, वे दहलाने वाली हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि ऐसा शख्स न सिर्फ राजनीति में स्थापित है बल्कि चुनाव भी लड़ रहा है।


यह प्रकरण दिल दहलाने वाला है। एक सांसद या विधायक पर यौन शोषण ऐसे भयावह आरोप लगना हमें सभी नेताओं की ओर शक की नजर से देखने पर मजबूर करता है। राजनीतिक दलों में तमाम लोग किसी न किसी आरोप से घिरे हुए हैं। राजनीति को नए सिरे से शुद्ध करना बहुत जरूरी है। – **पूजा वर्मा**, राजेंद्रनगर


यौन शोषण के ये आरोप बेहद गंभीर हैं। एकाध वीडियो होता तो माना जाता कि एआई की देन है। इस तरह के लोगों की जगह राजनीतिक दलों में नहीं होनी चाहिए। किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक दल में शामिल करने का पैमाना उसका रसूख नहीं बल्कि चरित्र और व्यक्तित्व होना चाहिए। – **अमित**, संजयनगर


अब जरूरी है कि राजनीति में नेताओं के वादों पर यकीन करने से पहले उनके चरित्र को देखा जाए। ठीक उसी तरह जैसे सरकारी नौकरी में चरित्र को प्रमाणित किया जाता है। इस प्रकरण में उन दलों और कार्यकर्ताओं पर भी सवाल उठता है जो ऐसे नेताओं पर समर्थन करते आ रहे हैं। – **मोहम्मद कामरान**, कालीबाड़ी


समाज के सबसे ज्यादा खलनायक राजनीति में ही छिपे हुए हैं। नेता बनकर वे दिखावे की राजनीति करते हैं। असलियत बिल्कुल उलट होती है। जो दल ऐसे नेताओं का समर्थन करते हैं, उन पर भी सवाल खड़े होते हैं। राजनीति की गुणवत्ता लगातार कम होती जा रही है। उसे फिल्टर की जरूरत है। – **जूही भारद्वाज**, सेटेलाइट


ऐसा पहली बार नहीं है जब कोई प्रभावशाली व्यक्ति यौन शोषण के आरोप लगे हैं। ऐसे मामले इसलिए कम सामने आते हैं क्योंकि नेताओं के प्रभाव की वजह से पीड़ित सामने आने से डरते हैं। आते भी हैं तो नेताओं की अथाह पावर से इंसाफ मिलना मुश्किल होता है। नेता चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का, सभी के लिए मानक सख्त होने चाहिए। जांच में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जानी चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि कोई भी नेता ऐसे मामलों में सत्ता का लाभ न उठा पाए। उन पर आम आदमी से ज्यादा सख्ती होनी चाहिए। राजनीति के शुद्धिकरण के लिए भी ठोस कदम उठाए जाने जरूरी हैं। – **डॉ. तरुण कुमार पांडे**, असिस्टेंट प्रोफेसर गंगाशील महाविद्यालय नवाबगंज

## आधी आबादी की आवाज...

### महिलाओं को नेता बनाने और मानने में बहुत फर्क


महिलाओं के लिए राजनीति का मतलब पुरुषों से अलग है। पुरुष राजनीति को सामुदायिक रूप से देखते हैं तो महिलाएं भावनात्मक मुद्दों से भी प्रभावित होती हैं। मध्यमवर्गीय सरकारी कर्मचारी की पत्नी के लिए उसके पति का वेतन नहीं बढ़ता तो वह उसके लिए भावनात्मक मुद्दा हो जाता है। इसी तरह के समीकरण गांव में देखें तो महिलाएं परिवार के ही कहने पर अपना मत देती हैं। हर जगह महिलाओं की भावनात्मकता आगे आ जाती है लेकिन इसे महिलाओं की कमजोरी कतई नहीं समझना चाहिए। इसी से वे भविष्य और वर्तमान के सभी पहलुओं को देख पाती हैं जो पुरुष नहीं देख पाते। राजनीतिक दल चाहते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं उनसे जुड़ें लेकिन समर्थक और कार्यकर्ता के रूप में। महिलाओं को लीडर बनाना और लीडर मानने में आज भी जमीन-आसमान का फर्क है।
–**डॉ. कंचन भारद्वाज**, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज



कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्सि, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# बिस्तर में आग लगने से सेवानिवृत्त महिला बैंककर्मी की जलकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मच्छर भगाने वाली क्वाइल से बिस्तर में लगी आग

**अमृत विचार :** मच्छर मारने वाली क्वाइल से बिस्तर में आग लगने से एकता नगर में बैंक से सेवानिवृत्त बुजुर्ग महिला की जलकर मौत हो गई।

एकता नगर निवासी गुड़िया उर्फ गुड्डी (65) बैंक ऑफ बड़ौदा से सेवानिवृत्त थीं। आईवीआरआई कर्मचारी रहे उनके पति रामसिंह का भी दो साल पहले निधन हो चुका है। गुड्डी का बेटा नीटू होटल में नौकरी करता है। एक बेटी सरिता की डेलापीर में ससुराल है जो अक्सर उन्हें देखने आती-जाती रहती थीं। सोमवार को सरिता ने घर आकर सफाई की थी और रात करीब 9 बजे मच्छर मारने की क्वाइल जलाकर चली गईं। रात करीब दस बजे पड़ोसियों ने घर से धुआं निकलता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो गुड्डी का बिस्तर पूरी तरह जल चुका था और वह पूरी तरह झुलस गई थीं। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि बुजुर्ग महिला अकेली रहती थीं। मच्छर भगाने वाली क्वाइल से बिस्तर में आग लग गई जिससे उनकी मौत हो गई।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 हजार की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के एक युवक से एप के जरिए नौकरी दिलाने के बहाने 20 हजार रुपये ठग लिए गए। युवक ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। जनसुनवाई कर रहे अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पीरबहोड़ा निवासी कामिल खान ने बताया कि उन्होंने ने 'अपना' एप पर बायोडाटा डाल रखा था। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को उनके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम विजय सिंह बताते हुए कहा कि क्या नौकरी करना चाहते हो। जिस पर उन्होंने हां कर दिया। जिसके बाद उसने सिक्योरिटी के नाम पर अकाउंट में 20 हजार रुपये डलवा लिए। थोड़ी देर बाद उन्हें मेल पर एक ऑफर लेटर भी मिला, लेकिन बाद में उधर से कोई रिप्लाई न मिलने पर उन्हें ठगी का पता चला।

## रक्षामंत्री एयरपोर्ट पर आज करेंगे चेंजओवर

**बरेली, अमृत विचार :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर करेंगे। उनका आगमन अपराह्न एक बजे के करीब होगा। कार्यक्रम आने के बाद पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रक्षामंत्री चेंजओवर के बाद बदायूं की दातागंज में चुनावी जनसभा करने के लिए रवाना होंगे। एयरपोर्ट पर स्थानीय नेताओं से उनकी मुलाकात की भी संभावना जताई जा रही है। वहीं बुधवार को नवाबगंज और भोजीपुरा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रहेंगे। वह जनसभा और जनसंपर्क भी कर सकते हैं।

# जब भारतीय छात्र लौटे तो यूक्रेन में तोपों ने गरजना बंद कर दिया

## व्यापारी सम्मेलन में बोले राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा को जिताएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गर्मी की परवाह किए बगैर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की
- कहा- ये नाली-खड़ंजे का नहीं देश के प्रधानमंत्री का है चुनाव


आईएमए में व्यापारी सम्मेलन में बोलते नवीन जैन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईएमए हॉल में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में राज्यसभा सदस्य नवीन जैन ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को जिताने की अपील की। उन्होंने याद दिलाया कि रूस-यूक्रेन के युद्ध के दौरान जब भारतीय छात्र तिरंगा लेकर देश लौट रहे थे तो तोपों ने गरजना बंद कर दिया था। प्रधानमंत्री की विश्व में मजबूत स्थिति के कारण यह ही संभव हो पाया था।

नवीन जैन ने कहा कि यह चुनाव नाली-खड़ंजे या सड़क के लिए नहीं है। देश का सम्मान बढ़ाने में अग्रसर रहने वाले प्रधानमंत्री की हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान उन्होंने ही भारतीय छात्रों को सकुशल देश लाने का काम किया था। पाकिस्तानी छात्रों को जब उनके देश के नेताओं ने बचाने का प्रयास नहीं किया तो वे भी तिरंगा लेकर सकुशल वहां से निकल पाए। जैन ने कहा कि व्यापारी सुरक्षित माहौल चाहता है। आज प्रदेश में व्यापार, महिला, किसान, छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल है। कहीं लूटपाट नहीं होती। रात में भी महिलाएं सकुशल घर पहुंचती है। पहले की सरकारों में लूटपाट के बाद व्यापारियों की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं होती थी। उन्होंने व्यापारियों से ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने को कहा।

लोकसभा क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा ने कहा कि कम मतदान होने की चर्चा पर ध्यान नहीं देना है। हमें मजबूर नहीं मजबूत सरकार चुनने के लिए मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। इससे पहले कार्यक्रम देर से शुरू हुआ तो कई व्यापारी उठकर जाने लगे। इस पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोका। सम्मेलन में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मेयर उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र प्रभारी देवेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा, राजेंद्र गुप्ता, सर्वेश रस्तोगी, सतीश अग्रवाल, सुरेंद्र रस्तोगी, राजेश जसोरिया, शोभित सक्सेना, गुलशन आनंद, पुष्पेंद्र राठौर, रोहित जिंदल, सुदेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, बीडी जोशी, देवेंद्र जोशी, पवन अरोरा आदि मौजूद रहे।

## करंट से छात्र की मौत के मामले में तीन कर्मचारियों की सेवा समाप्त

**बरेली, अमृत विचार:** बिशारतगंज के अतरछेड़ी गांव में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर छात्र की मौत के मामले में तीन संविदा कर्मी जांच में दोषी पाए गए। अधीक्षण अभियंता ने तीनों कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के बाद उसकी रिपोर्ट कंपनी को भी भेज दी है।

अतरछेड़ी गांव निवासी अनुज कुमार सिंह 27 अप्रैल को अपने 16 साल के बेटे ऋषभ के साथ ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेत पर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में ऋषभ हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया था। जिससे उसकी करंट लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले का संज्ञान लेते हुए अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने पूरे मामले की जांच आंवला एसडीओ से कराई थी। जांच में सामने आया कि आंवला ग्रामीण उपकेंद्र के अवर अभियंता मनोज कुमार यादव ने कई बार लिखित में क्षेत्र के संविदा कर्मचारियों से लाइन को ठीक करने को कहा था लेकिन संविदा कर्मचारियों ने उसे ठीक नहीं किया। जिसके बाद हादसे के लिए संविदा कर्मचारी राजवीर, राजवीर और अशोक कुमार को दोषी मानते हुए तीनों की संविदा समाप्त कर दी गई है।

## डीएसपी के बाद अब बारादरी इंस्पेक्टर बनकर की कॉल

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाज ने बारादरी इंस्पेक्टर बनकर एक युवक को कॉल करके धमकाया। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पहले डीएसपी बनकर एक मुकदमे में वादी महिलाओं को ठगने की भी कोशिश की गई। दोनों मामलों में अब तक शिकायत दर्ज नहीं की गई।

# प्रबुद्ध वर्ग चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराए


गोष्ठी में बोलते धर्मेंद्र भारत।

- अधिवक्ता समन्वय गोष्ठी में बोले आरएसएस के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के केशव कृपा भवन पर मंगलवार को हुई अधिवक्ता समन्वय गोष्ठी में राष्ट्रहित में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने और कराने की अपील की गई। इसके लिए लोगों को जागरूक करने को भी कहा गया।

मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत ने कहा कि भारत के लोकतंत्र के सबसे बड़े महासमर के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होने वाला है। इसमें बरेली समेत कई लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। हर व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करें, अधिवक्ता और समाज के प्रबुद्ध वर्ग की यह बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि हनुमान जी की तरह आज्ञाकारी आदर्श कार्यकर्ता बनकर खुद मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि देशहित में सीएए हमेशा इतिहास में चर्चित रहेगा। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की मानसिकता मतदान दिवस को छुट्टी का दिन मानकर सोते रहने की है। इस सोच को बदल कर पहले मतदान करें बाद में कोई दूसरा काम करने का संकल्प लें। देश हित में ए -एक वोट बहुत जरूरी है। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के पाठ के बाद हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता परिषद ब्रज प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र पांडे ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग की जिम्मेदारी है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान कराए। सभी अधिवक्ता इसके लिए आगे आएं। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रतिपाल सिंह, शुभम मिश्रा, मुकेश कुमार, आलोक प्रधान, संजय भदौरिया, विवेक पटेल, सुमेंद्र गंगवार, गिरीश, हर्ष भारद्वाज, दिव्यांश आर्य, नागेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।


केशव कृपा भवन में गोष्ठी में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## मुख्य अभियंता अनिल कुमार तिवारी सेवानिवृत्त



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जोन टू के मुख्य अभियंता अनिल कुमार तिवारी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। अब मुख्य अभियंता प्रथम रणविजय सिंह को जोन टू की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। मंगलवार को अनिल कुमार तिवारी को उनके कार्यालय में विदाई दी गई। इस मौके पर मुख्य अभियंता प्रथम रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अशोक कुमार चौरसिया, अधिशासी अभियंता यूसी सोनकर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हीट वेव वार्ड के कोल्ड रूम में लगेगा एसी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के हीट वेव वार्ड के कोल्ड रूम में एसी लगाया जाएगा। इसके अलावा कूलर और फ्रीज में आइस पैक भी रखे जाएंगे ताकि मरीज को तुरंत राहत दी जा सके। मंगलवार को शासन ने ऑनलाइन बैठक में एडीएसआईसी को इसकी व्यवस्था करने का आदेश दिया। हीट वेव से बचाव के लिए जिला अस्पताल और सीएचसी-पीएचसी में इंतजाम किए गए हैं। जिला अस्पताल में इमरजेंसी के पास 10 बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है। हीट वे से ग्रसित मरीज को इसी कोल्ड रूम में भेजा जाएगा, ताकि उसके तापमान को नियंत्रित किया जा सके। ऑनलाइन बैठक में मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. अखिलेश्वर ने बताया कि कोल्ड रूम में सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

## शपथ ली, पहले करेंगे मतदान फिर जलपान



**बरेली, अमृत विचार :** एक गूंज सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को कार्यालय पर मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई। जिसमें कहा गया कि सभी लोग अपने वोट की कीमत को समझकर जिम्मेदारी के साथ 7 मई को पहले मतदान और फिर जलपान करें। लोग खुद मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर सचिव अर्चना सिंह, रश्मि जोशी, मोहिनी वर्मा, सपना गुप्ता, ईशा कालरा, निलेश, देवकी मंडवाल, प्रेम भारती गुप्ता, पूनम गंगवार मौजूद रहीं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
नेत्र सर्जन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज • दिल सम्बन्धित बीमारियां • शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द • बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां • थायराइड, गठिया, खून की कमी • जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी • दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस, • लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन • गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक) डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
PILES, FISSURE, FISTULA, AVN, PANCREAS, ITP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 6397009532
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

## डायरिया हुआ बेकाबू, एक दिन में 27 बच्चों में पुष्टि

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बच्चे डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल में एक दिन में 27 बच्चों में डायरिया की पुष्टि हुई है। वहीं 26 बेड का बच्चा वार्ड पहले से ही फुल है। वार्ड में 30 बच्चे भर्ती हैं। ऐसे में अब वार्ड में बेड बढ़ाए गए हैं और नर्सिंग वार्ड में बच्चे भर्ती किए जाएंगे।

बच्चा वार्ड में सोमवार तक 27 बच्चे भर्ती थे। इनमें डायरिया से 25 बच्चे और अन्य बुखार से ग्रसित थे। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि बच्चे डायरिया की चपेट में अधिक आ रहे हैं, मरीज बढ़ने पर बेड बढ़ाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बच्चा वार्ड स्थित पुराने एनआईसीयू में पांच अतिरिक्त बेड डलवा कर वार्ड बना दिया गया है। मंगलवार को देर शाम तक दो बच्चों को यहां भर्ती भी कर दिया गया है। जरूरत पड़ने और वार्ड में और बेड भी बढ़ाए जाएंगे।

# कोविशील्ड लगवाने वाले अब घबराएं नहीं, सावधानी बरतें

## जिले में 22.66 लाख लोगों को लगी है कोविशील्ड वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ब्रिटिश कोर्ट में कंपनी प्रबंधन ने वैक्सीन के दुष्प्रभाव किए हैं स्वीकार

**अमृत विचार :** कोविड से बचाव के लिए लोगों का वैक्सीनेशन किया गया लेकिन अब कोविशील्ड के दुष्प्रभाव की खबर ने सभी को चिंता में डाल दिया है। ऐसे में विशेषज्ञ लोगों को घबराने की जगह सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। जिले में 2266515 लोग ऐसे हैं जिन्हें कोविशील्ड वैक्सीन की डोज लगाई गई हैं। ब्रिटिश कोर्ट में कोविशील्ड निर्माता कंपनी ने एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि दुर्लभ स्थितियों में टीका शरीर में खून का थक्का बनाने वाली 'टीटीएस' विकार का खतरा बढ़ा सकते हैं। इसके बाद से ही इस वैक्सीन को लगवाने वाले परेशान हैं।

### डॉ. अतुल बोले- शुरू में किया था विरोध

शहर के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ और वैक्सीन विज्ञान के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. अतुल अग्रवाल ने बताया कि कोविड के दौरान जब कोविशील्ड से लोगों को वैक्सीनेट करने का आदेश आया था तो उन्होंने इसका विरोध किया था। उन्होंने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को इससे लोगों के शरीर में होने वाले दुष्प्रभाव से भी अवगत कराया था, लेकिन कोई प्रयास नहीं किए गए। जिले में सबसे पहला निजी वैक्सीनेशन केंद्र उन्होंने ही स्थापित किया था। यहां कोवैक्सीन से ही वैक्सीनेशन किया गया। हालांकि अभी किस प्रकार की दिक्कतें लोगों को हो सकती हैं ये साफ नहीं कहा जा सकता है।

### टीका लगने के कुछ देर बाद ही होती समस्या

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन के अनुसार कोई भी वैक्सीन लगवाने के कुछ मिनट बाद ही इसके दुष्प्रभाव सामने आ जाते हैं। ऐसी दिक्कत वाले मरीजों के लिए ही वैक्सीनेशन के दौरान एएफआई कक्ष बनाए गए थे। वैक्सीन लगवाने के बाद एक फीसदी से भी कम मरीज ऐसे थे जिन्हें चक्कर, मितली समेत अन्य छोटी समस्याएं हुईं। इसलिए जो भी लोग कोविशील्ड से प्रतिरक्षित हैं उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है।

## बरेली कॉलेज में पांच विद्यार्थी नकल के साथ पकड़े

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में मंगलवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में पांच विद्यार्थियों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। एक छात्रा रुमाल पर नकल लिखकर लाई थी। कॉलेज के सचल दल ने सभी का यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि बीएड की परीक्षा में तीन विद्यार्थियों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। इसमें दो छात्रों के पास नकल की पर्चियां मिलीं। इसमें एक छात्रा सफेद रुमाल पर नकल लिखकर लाई थी। इसके अलावा बीए शिक्षा की परीक्षा में एक छात्रा और एक छात्र को नकल करते पकड़ा गया। छात्रा प्रवेश पत्र के पीछे नकल लिखकर लाई थी और छात्र के पास से गेसपेपर के चार पेज मिले हैं।

# यूजीसी के श्रेणी-वन में शामिल हुआ रुविवि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अब ऑनलाइन कोर्स भी संचालित कर सकेगा विश्वविद्यालय

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति और कुलसचिव के बीच की जंग के बीच एक अच्छी खबर आई है। यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) ने विश्वविद्यालय को श्रेणी वन में शामिल किया है। इससे विश्वविद्यालय को यूजीसी की सभी ग्रांट मिलेंगी और विश्वविद्यालय ऑनलाइन कोर्स भी संचालित कर सकेगा। मंगलवार को यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह को इसका पत्र जारी किया है। अभी तक विश्वविद्यालय श्रेणी दो में शामिल था।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उन्नत-प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए भारत के राजपत्र में 12 फरवरी 2018 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (ग्रेडेड स्वायत्तता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालयों (केवल) का श्रेणीकरण) विनियम 2018 अधिसूचित किया है।

इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 16 अप्रैल 579वीं बैठक में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय से प्राप्त प्रस्ताव की संवीक्षा की। इसके बाद आयोग ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय को श्रेणी-एक स्तर की स्वायत्तता प्रदान करने का निर्णय लिया है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मीडिया सेल प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि इससे पहले विश्वविद्यालय को नैक ए डबल प्लस की ग्रेड प्राप्त हुई थी तो विश्वविद्यालय डिस्टेंस लर्निंग कोर्स शुरू करने के लिए मान्य हो गया था। अब यूजीसी की श्रेणी एक में शामिल होने के बाद यूजीसी की सभी ग्रांट मिलेंगी और ऑनलाइन कोर्स भी शुरू हो सकेंगे। इससे देश के किसी भी राज्य में रहने वाले छात्र विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों को ऑनलाइन पढ़ सकेंगे।

> यूजीसी ने विश्वविद्यालय को श्रेणी-एक के वर्ग में शामिल किया है। अब विश्वविद्यालय को सभी ग्रांट मिलेंगी और ऑनलाइन कोर्स भी संचालित किए जाएंगे।
> – **प्रो. केपी सिंह**, कुलपति रुहेलखंड विश्वविद्यालय

## कीर्ति योजना के लिए तीन सौ खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में कीर्ति योजना के तहत वालीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक और हॉकी के चयन हुए। पहले दिन मंगलवार को करीब तीन सौ खिलाड़ियों ने चयन में हिस्सा लिया।

साई सेंटर के प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि ट्रायल में मोटर एसेसमेंट टेस्ट लिया गया। इसमें स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, जिग-जैग दौड़, मेडिसिन बॉल, साफ्टबॉल थ्रो, दीवार पास, 60 गज डेश, ब्रौड जंप, 12 वर्ष के नीचे के खिलाड़ियों के लिए 800 मीटर और 12 वर्ष के ऊपर से खिलाड़ियों के लिए 1200 मीटर दौड़ के ट्रायल हुए। उन्होंने बताया कि अभी तीन तक ट्रायल होंगे। इसके बाद पोर्टल में खिलाड़ियों के नंबर अपलोड किए जाएंगे। इसके बाद साई सेंटर दिल्ली की ओर से मई के अंतिम सप्ताह तक मेरिट जारी की जाएगी। ट्रायल के दौरान लखनऊ साई सेंटर के अब्दुल हमीद और राजन कुमार तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## पुस्तक मृत्यु का योद्धा का विमोचन



यशकीर्ति गंगवार की पुस्तक का विमोचन करते संतोष गंगवार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** लेखिका और कवयित्री यशकीर्ति गंगवार की पहली पुस्तक 'मृत्यु का योद्धा' का विमोचन मंगलवार को सांसद संतोष गंगवार ने किया। यशकीर्ति ने बताया कि उनकी कहानी का किरदार मृत्युंजय वास्तविक शख्स था जिसने गंभीर बीमारी से एक योद्धा की तरह लड़ाई लड़ी। वह एक मेधावी छात्र भी था। जिस तरह उसकी जिंदगी खत्म हुई उसको देखने के बाद उन्होंने इस कहानी को लोगों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने बताया कि मृत्युंजय कैंसर और पूरे शरीर में होने वाले ट्यूमर से पीड़ित था। दिल्ली एम्स का वह पहला मरीज था जिसे इस तरह की बीमारी थी। डॉक्टर ने कह दिया था कि वह पंद्रह दिन ही जी पाएगा। यह कहानी अकेले मृत्युंजय की कहानी नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति की कहानी है जो किसी न किसी लाइलाज बीमारी से ग्रसित है और असहनीय दर्द से जूझ रहा है। किताब ऑनलाइन भी उपलब्ध है। खास बात यह है कि मृत्युंजय के जीवित रहते यशकीर्ति ने खुद काफी वक्त उनके साथ गुजारा। यहां तक कि साल भर पहले मृत्युंजय को जब 25-25 हजार रुपये के तीन इंजेक्शन लगने थे तब सांसद संतोष गंगवार ने मदद की थी।

## उमाशंकर व्यास को गीता लोक विभूति सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** यथार्थ गीता दिव्य ज्ञान ट्रस्ट ने मानस पं. उमाशंकर व्यास को गीता लोक विभूति सम्मान से सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. हरिओम गौतम, डॉ. रमेश गौतम ने सम्मान दिया। इसके अलावा टिवरीनाथ मंदिर में चल रही राम कथा में कथा व्यास उमाशंकर ने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के चरित्रों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राम कथा हमें जीना सिखाती है। कथा में प्रताप चंद्र सेठ, संजीव औतार, सुभाष मेहरा रहे।

## न्यूरो किड्स केयर रॉयल्स पहुंचा फाइनल में

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित जीपीसीए अंडर-19 क्रिकेट लीग में मंगलवार को न्यूरो किड्स केयर रॉयल्स ने एचएजे सुपर किंग्स को 10 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एचएजे सुपर किंग्स टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.1 ओवरों में सभी विकेट खोकर सिर्फ 39 रन ही बना सकी। न्यूरो किड्स केयर रॉयल्स ने 4.4 ओवरों में बिना विकेट खोए लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच अब्दुल जीशान रहे।

## मांसाहारी पशुओं को विटामिन सी और ई से मिलेगी गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पशु पोषण विभाग के वैज्ञानिक ने मांसाहारी पशुओं पर किया अध्ययन

**अमृत विचार :** चिड़ियाघरों और वन्य अभयारण्यों में रहने वाले मांसाहारी पशुओं को विटामिन सी और ई से गर्मी से राहत दी जाएगी। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के पशु पोषण विभाग के वैज्ञानिकों ने कच्चा मांस खाने से बढ़ने वाले शारीरिक तापमान को कम करने के लिए इसका अध्ययन किया है। इस अध्ययन के बाद चिड़ियाघरों को पशुओं को विटामिन देने का सुझाव दिया गया।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. असित दास ने बताया कि मांसाहारी पशु प्रमुख रूप से टाइगर, लेपर्ड, बब्बर शेर, स्नो लेपर्ड आदि अपना पोषण मुख्य रूप से कच्चे मांस से प्राप्त करते हैं। गर्मियों में कच्चा मांस खाने से पशुओं का शारीरिक तापमान तेजी से बढ़ता है। कई बार इससे राहत पाने को ये पशु पानी और कीचड़ में बैठते हैं। चिड़ियाघरों में इनकी डाइट वयस्क नर की 8-10 किलो और मादा की 6-8 किलो निर्धारित की गई है।

गर्मी से बचाव के लिए मीट में एस्कॉर्बिक एसिड, विटामिन-सी, विटामिन ई और सेलेनियम को इंजेक्ट करके देने से उनका शारीरिक तापमान सामान्य बना रहेगा। उनके अनुसार विटामिन सी में एंटीऑक्सिडेंट बीमारियों से बचाव में लाभप्रद रहता है। इसके अलावा गर्मियों में अंधेरा होने पर या जिस समय तापमान कम हो, तब खाना उपलब्ध कराया जाए।

## बच्चों से दूरी बना रहे हैं डिंक कपल

अंकित चौहान, बरेली

- डबल इनकम नो किड्स श्रेणी के दंपती मनकक्ष में पहुंच रहे काउंसिलिंग कराने

**अमृत विचार :** लग्जरी लाइफ स्टाइल के चक्कर में दंपती डबल इनकम नो किड्स (डिंक) की श्रेणी में पहुंच रहे हैं। पति-पत्नी दोनों के नौकरी करने की वजह से उनकी जीवन शैली बदल गई है और वह ममता से दूर हो रहे हैं। जब तक वह बच्चे के बारे में सोच रहे हैं तब तक काफी देर हो जा रही है। जिला अस्पताल के मनकक्ष में इस श्रेणी के दंपती काउंसिलिंग के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें शहरी क्षेत्र के दंपतियों की संख्या अधिक है।

जिला अस्पताल के मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष के अनुसार अस्पताल में वर्ष 2023 के अंत से ही डिंक कपल के मामले सामने आने शुरू हुए हैं। पिछले तीन महीने में पांच दंपती काउंसिलिंग कराने पहुंचे। इनमें राजेंद्र नगर निवासी दंपती एक ही कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं और दूसरे डीडीपुरम निवासी दंपती एक बड़ी कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात हैं। दंपतियों की उम्र की 30 वर्ष से अधिक है, इसकी वजह से उनके परिजन भी उन पर मातृत्व सुख का दबाव बना रहे हैं। दंपती को उनके परिजन ही काउंसिलिंग कराने के लिए मन कक्ष ला रहे हैं।

### परिवार से ज्यादा पर्सनल लाइफ को महत्व

डॉ. आशीष के अनुसार ऐसे कपल्स सामाजिक सोच-विचार से ऊपर उठकर खुद को प्राथमिकता देना जरूरी समझते हैं। वो अक्सर ऐसे काम करते हैं जिनसे उन्हें खुशी मिलती है और परिवार से ज्यादा अपने काम और अपनी पर्सनल लाइफ को महत्त्व देते हैं। बेशक इसके कुछ नुकसान हैं लेकिन कुछ फायदे भी हैं। ऐसे कपल्स को अपने लिए क्वालिटी टाइम मिलता है जिससे उन्हें खुशी मिलती है और खुद को निखारने का समय भी मिलता है।

### 30 के बाद शादी से गर्भधारण में जटिलताएं

इस मामले में वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. मृदुला शर्मा के अनुसार पिछले कई साल से महिलाएं शादी करने में देरी कर रहीं हैं। 30 साल के बाद शादी करने से गर्भधारण करने में काफी जटिलताएं होती हैं। इसलिए शादी के एक साल के अंतराल में ही गर्भधारण कर लेना चाहिए। दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर जरूरी है। अगर महिला और पुरुष दोनों नौकरी में हैं तो भी दांपत्य जीवन के लिए समय अवश्य निकालें।




समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

## सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे ने फंदे पर लटककर दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र के मढ़ीनाथ में पत्नी से विवाद के बाद परेशान होकर सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे ने फंदा लगाकर जान दे दी।



मृतक दीपक शर्मा

मढ़ीनाथ निवासी सेवानिवृत्त दरोगा रमेश चंद्र शर्मा का बेटा दीपक शर्मा (30) प्राइवेट नौकरी करता था। उसका आए दिन पत्नी पूजा के साथ विवाद होता रहता था। सोमवार रात को भी किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया। इस पर दीपक ने घर छोड़ने और आत्महत्या करने की धमकी दी। दीपक ने रात में पत्नी के दुपट्टे से कमरे में पंखे की कुंडी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा। दीपक के पांच बच्चे हैं।

### जहर खाने से युवक की मौत

सुभाषनगर थाना क्षेत्र स्थित सिठौरा में हरेंद्र (31) ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई।

# रबड़ी टोला में जरी कारोबारी की घर में ही गोली मारकर हत्या

## अकेला था घर पर, बच्चों के साथ शादी में शामिल होने गई थी पत्नी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी इलाके के मोहल्ला रबड़ी टोला में एक जरी कारोबारी की सीने में गोली लगने से मौत हो गई। घटना के दौरान वह घर पर अकेला था, उसका पूरा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। मौके पर कोई हथियार बरामद न होने की वजह से मामला हत्या का माना जा रहा है। हालांकि पुलिस आत्महत्या का शक जताते हुए जांच कर रही है।

रबड़ी टोला में रहने वाले जरी कारोबारी मोहम्मद बिलाल उर्फ बबलू की पत्नी गुलशन बानो मंगलवार को बच्चों के साथ मोहल्ले में ही रहने वाले अपने भाई के यहां शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। दोपहर करीब तीन बजे शादी समारोह से ही गुलशन ने बिलाल को यह कहने के लिए फोन किया कि वह मुंबई से बरेली लौट रहे अपने भाई को रिसीव कर ले लेकिन कई बार कॉल करने के बाद भी फोन नहीं उठा। इस पर गुलशन घर पहुंचीं तो वहां पहली



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस ● अमृत विचार

● आत्महत्या मान रही थी पुलिस मौके पर कोई हथियार न मिलने से हत्या का शक

मंजिल पर स्थित कमरे में बिलाल को खून से लथपथ पड़ा पाया। उनके सीने में गोली लगी हुई है। गुलशन के शोर मचाने पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। थाना प्रभारी अमित पांडे भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने पहले घटना को आत्महत्या

> जरी कारोबारी बिलाल की मौत सीने पर गोली लगने से हुई है। घटना स्थल पर कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है जिसकी वजह से हत्या के पहलू पर भी जांच की जा रही है। परिवार ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। - **अमित पांडे**, थाना प्रभारी बारादरी

माना लेकिन काफी तलाश के बाद भी मौके पर गोली चलाने वाला कोई हथियार नहीं मिला तो हत्या का शक पैदा होने लगा। घटनास्थल पर पड़े रजाई-गद्दे भी बिखरे पड़े थे। परिवार के लोग भी घटना का कोई कारण साफ नहीं कर सके।

## प्रियांगी हत्याकांड में इमरान दोषी आज होगी सजा, तीन आरोपी बरी

विधि संवाददाता, बरेली

● 10 साल पहले शादी से इन्कार करने पर इमरान ने की थी हत्या

**अमृत विचार:** प्रेमनगर में 10 साल पहले शादी से इन्कार करने पर प्रेमिका की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करने में अपर सत्र न्यायाधीश कुमारी अफशॉ ने सीबीगंज के तिलियापुर निवासी इमरान रजा खां को दोषी करार दिया है। कोर्ट बुधवार को सजा सुनाएगी। कोर्ट ने तीन अन्य आरोपियों अकील उर्फ गुड्डू, मोहम्मद अहमद और सलमान रजा को बरी कर दिया।

एडीजीसी क्राइम अनूप कोहरवाल ने बताया कि 7 नवंबर 2014 को शास्त्रीनगर निवासी वादी राजेश गंगवार ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया था कि 23 वर्षीय पुत्री प्रियांगी गंगवार 5 नवंबर 2014 दोपहर 2 बजे से धर्मकांटा पर डॉ. भ्रमरेश आई हास्पिटल से दवा लेने और उसके बाद फाईनेन्स कम्पनी राजेन्द्रनगर में रुपये लेने के लिए कहकर घर से स्कूटी से गयी थी, मगर वापस नहीं लौटी। विवेचना में मृतका प्रियांगी गंगवार के फोन की कॉल डिटेल के आधार पर इमरान रजा खां का नाम प्रकाश आया। आरोपी इमरान ने पुलिस को बताया था कि लाश को अन्य साथियों की मदद से टेम्पों से ले जाकर ग्राम तिलियापुर के पास मिट्टी में दबा दिया था। उसकी निशानदेही पर 17 नवम्बर को पुलिस ने प्रियांगी की लाश को अटा बिलवा मार्ग पर किला नदी से लगभग 100 मीटर पहले बड़ा बाईपास की तरफ से गड्ढा खोदकर बरामद किया था।

25 नवम्बर को इमरान रजा खां ने पुलिस रिमांड के दौरान ग्राम बीरपुर उर्फ कासिमपुर निकट बड़ा बाईपास ईख के खेत के अन्दर रखे गये तीन कट्टे प्लास्टिक के जिनके मुंह बंद थे उनमें छिपाई गई स्कूटी और उसके अन्य पुर्जे, टायर, एक डायरी, एक मोबाइल, एक सोने की चेन आदि को बरामद कराया था। शासकीय अधिवक्ता ने 15 गवाह पेश किये थे। बरी आरोपी अकील अहमद खां का बचाव अनिल भटनागर एडवोकेट ने किया।

### इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीज लापता

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीज लापता हो गया। मरीज को दो दिन पहले हादसे में घायल होने के बाद भर्ती कराया गया। परिजन मंगलवार को मरीज को ढूंढते हुए पहुंचे तो इसका पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिला अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में परिजनों ने बताया कि आंवला के गांव पनवड़िया निवासी भगवान दास 28 अप्रैल को घर से शहर जाने के निकले थे लेकिन दो दिन बाद भी नहीं लौटे। जब थाने में जाकर पता किया तो बताया गया कि भगवानदास सड़क हादसे में घायल हुए थे और उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। जब वह जिला अस्पताल पहुंचे तो यहां मरीज वार्ड में भर्ती नहीं मिला। पुलिस ने परिजनों के साथ एडीएसआईसी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो मरीज वार्ड में बेहोशी की हालत में जमीन पर लेटा दिखाई पड़ रहा है।

## फर्जी प्रमाणपत्र जारी कराकर नाबालिग लड़की को बालिग दिखाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मां ने फरीदपुर थाने के दरोगा और स्कूल प्रबंधन पर लगाया फर्जीवाड़े का आरोप

● बेटी के अपहरण के मामले में सीडब्ल्यूसी ने आरोपी के पक्ष में सुनाया फैसला

. फरीदपुर की महिला ने थाने के दरोगा और स्कूल प्रबंधन पर फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए नाबालिग बेटी को उसका अपहरण करने वाले आरोपी के सुपुर्द करा देने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसके पास जिला महिला अस्पताल का प्रमाणपत्र है जिसके मुताबिक लड़की नाबालिग है लेकिन पुलिस ने उसे नहीं माना। अब कोर्ट में केस दायर कर दरोगा और स्कूल प्रबंधन को भी आरोपी बनाएगी।

फरीदपुर के बीसलपुर रोड पर रहने वाली महिला के मुताबिक उनकी 16 वर्षीय बेटी को खुटार का ओमकार अपहरण कर ले गया था। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद फरीदपुर पुलिस ने बेटी को बरामद तो लिया लेकिन तमाम मिन्नत करने के बाद भी दरोगा जावेद अली ने उससे

> कोर्ट प्रमाणपत्र के आधार पर फैसला देती है। शैक्षिक प्रमाण पत्रों में दर्ज आयु को मान्यता दी जाती है। यदि वह न हो तो नगर निगम या नगर पालिका का प्रमाण पत्र माना जाता है। महिला ने जो दस्तावेज दिए वह प्रथमदृष्टया सही नहीं लगे। - **दिनेश चंद्रा**, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति

मिलने नहीं दिया। आरोपी ने दरोगा से साठगांठ कर ली, साथ ही स्कूल प्रबंधन को पैसा देकर फर्जी आयु प्रमाणपत्र भी जारी करा लिया। इसी प्रमाणपत्र के आधार पर लड़की को बालिग मानते हुए बाल कल्याण समिति ने आरोपी के पक्ष में फैसला सुना दिया। उधर, दरोगा जावेद अली का कहना है कि स्कूल के प्रमाणपत्र के आधार पर लड़की को उसके प्रेमी को सौंपा गया है। जिला महिला अस्पताल से प्रमाणपत्र 27 अप्रैल को जारी हुआ है जो फर्जी भी हो सकता है।

### चाइल्ड लाइन का कर्मचारी हो चुका है गिरफ्तार

धमकाकर रिश्वत लेने के आरोप में चाइल्ड लाइन के एक कर्मचारी को पिछले दिनों गिरफ्तार किया गया था। मामला नाबालिग लड़की की शादी करने का था, जिसका पता चलने के बाद कर्मचारी सौरभ और रिया लड़की के पिता के घर जा धमके थे और उसे जेल भिजवाने की धमकी देते हुए 25 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत के बाद एंटी करप्शन की टीम ने दोनों को रकम लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

## जमीन बेचने के बहाने बिल्डर से की 1.30 करोड़ की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर में बिल्डर से जमीन बेचने के बहाने 1.30 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई। एडीजी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मॉडल टाउन निवासी जसविंदर सिंह छावड़ा ने बताया कि वह सुपर बिल्डटैक कंपनी में साझेदार हैं। उनका कार्यालय डीडीपुरम में है। उन्होंने करेली में 3.5050 हेक्टेयर जमीन का सौदा कैंट के कांधरपुर निवासी गजेन्द्र पटेल, पोशाकीलाल उपाध्याय, कैंट के चेत गौटिया निवासी अशोक यादव, राजकुमार यादव, कैंट सदर बाजार निवासी अमर सिंह और बारादरी के सिकलापुर निवासी सूरज यादव से चार लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से तय किया था। जमीन का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपियों को एक करोड़ 3 लाख रुपये दे दिए लेकिन बैनामा नहीं कराया।

### 10 रेल कर्मचारियों को किया समापक राशि का भुगतान

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर रेल मंडल से अप्रैल में सेवानिवृत्त हुए 10 रेल कर्मचारियों को डीआरएम रेखा यादव ने समापक राशि का भुगतान, परिपत्र, मेडिकल कार्ड समेत सेवानिवृत्ति के अन्य दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड मेडल दिया। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त हुए रेल कर्मचारियों को सलाह देते हुए कहा कि समापक भुगतान के मद में उन्हें प्राप्त हुई धन राशि का निवेश सरकारी बैंकों, सरकारी योजनाओं या सरकारी उपक्रमों में ही करें। सेवानिवृत्ति के बाद भी वह रेल परिवार के अभिन्न अंग हैं। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, नरमू के मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।





### देवर ने भाभी से की दुष्कर्म की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में महिला के साथ देवर ने दुष्कर्म की कोशिश की। महिला का आरोप है कि शिकायत पर सास ने भी बेटे का ही पक्ष लिया। एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने देवर और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि दो साल पहले उनके पति की मौत हो चुकी है। तीन बच्चों के साथ ससुराल में ही रहती हैं। पति की मौत के बाद से ही देवर की नीयत खराब है। 21 अप्रैल को रात आठ बजे वह घर में अकेली थीं, तभी देवर कमरे में घुस आया और जबरन पकड़कर अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर बच्चे आ गए, तब आरोपी छोड़कर भाग गया। इसकी शिकायत सास से की तो उसने भी अपने बेटे का ही साथ दिया और कहा कि यदि घर में रहना है तो छोटे बेटे की बात माननी पड़ेगी।

### बाहुबली धनंजय सिंह की आज हो सकती है रिहाई

**बरेली, अमृत विचार :** जौनपुर के पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह की जेल मुख्यालय से भी निगरानी की जा रही है। उसकी बुधवार को रिहाई हो सकती है। वहीं उसके चेहते उसकी रिहाई का इंतजार कर रहे हैं। पांच ब्लाक प्रमुख समेत दो दर्जन से अधिक गाड़ियों से समर्थक शनिवार को ही बरेली पहुंच गए थे। जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को 27 अप्रैल को प्रशासनिक आधार पर जौनपुर जिला जेल से बरेली के सेंट्रल जेल में ट्रांसफर किया गया था। समर्थकों को उम्मीद थी कि सोमवार से मंगलवार तक उनके नेता को रिहा कर दिया जाएगा लेकिन कागजात न पहुंचने से मंगलवार शाम तक उसकी रिहाई नहीं हो सकी। सूत्र बताते हैं कि उसकी रिहाई के कागजात जौनपुर से मंगलवार दोपहर बाद बरेली के लिए भेजे गए हैं। ऐसे में अब बुधवार को धनंजय सिंह रिहा हो सकता है। सूत्रों की मानें तो बुधवार को धनंजय सिंह जेल से बाहर आने के बाद अपने समर्थकों से मिलेगा और उसके बाद लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती से मुलाकात कर जौनपुर के लिए रवाना होगा। वह अपनी पत्नी श्रीकला रेड्डी का नामांकन भी 4 मई को अपनी मौजूदगी में कराएगा। जेल डीआईजी कुंतल किशोर ने बताया कि धनंजय सिंह की रिहाई के कागजात अभी तक नहीं मिले हैं।

## युवती ने धर्म परिवर्तन कर की शादी

● सोनी ने परिजनों से जताया जान का खतरा

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रिछौला किफायतुल्ला गांव की सायना ने धर्म परिवर्तन कर सोनी बनकर प्रेमी आकाश से शादी कर ली। युवती ने परिजनों से अपनी और प्रेमी की जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है।

रिछौला किफायतुल्ला निवासी सायना ने बताया कि उसकी नई बस्ती हाफिजगंज के रहने वाले आकाश दिवाकर के साथ दो साल पहले सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। दिसंबर 2022 में उसकी आकाश से पहली बार मुलाकात की। इसके बाद दोनों में प्यार हो गया। सुभाषनगर के अगस्त मुनि आश्रम के पंडित केके शंखधार



माला पहनाकर शादी करता प्रेमी जोड़ा।

ने दोनों की शादी कराई। 12वीं पास सायना ने कहा कि पढ़ाई के दौरान ही उसे हिंदू धर्म पसंद था। उनके धर्म में बिना बुर्के के घर से नहीं निकलने दिया जाता था।

### युवती ने की शादी, परिजनों से जताया जान का खतरा

बहेड़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने भी धर्म परिवर्तन कर अपना नाम आकांक्षा रखते हुए प्रेमी आकाश गंगवार के साथ शादी कर ली। युवती ने बताया कि उसकी पड़ोस में रहने वाले आकाश से डेढ़ साल पहले दोस्ती हुई थी। दोनों के प्यार के बारे में जब परिवार को पता चला तो फोन कर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि दोबारा कभी भी इस घर में कदम मत रखना। इस मामले में लड़की के भाई मकसूद ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। मकसूद ने बताया कि उनके माता-पिता का निधन हो चुका है। उनकी नाबालिग बहन का मानसिक संतुलन खराब है। जिसे गांव के एक युवक ने बहला फुसला कर बरेली में ले जाकर जबरन धर्म परिवर्तन करा कर शादी कर ली है। बहन घर से कुछ जेवरात समेत नकदी भी लेकर गई है। उन्होंने शादी करने वाले युवक और शादी कराने वाले पंडित पर कार्रवाई की मांग की है। उधर जमात रजा ए मुस्तफा के मीडिया प्रभारी मोइन खान से भी परिवार वाले मुलाकात की। मोइन खान ने भी पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर हर संभव मदद कराने का आश्वासन दिया।

### खेत में खड़े पेड़ों को उजाड़ने से रोका तो पीटा

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र के गांव खतौला गणपत राय में खेत में खड़े पेड़ों को उजाड़ने से रोकने पर दबंगों ने एक व्यक्ति की जमकर पिटाई की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव खतौला गणपत राय निवासी हामिद रजा खां के मुताबिक सोमवार को सुबह करीब 10 बजे वह अपने खेत पर खड़ी फसल को देखने गए थे। इसी दौरान वहां पहले से ही मौजूद गांव के ही हसीन खां, आबिद खां, नईम खां और नसीम खां उसके खेतों में खड़े पेड़ों और फसल को उजाड़ रहे थे। उन्होंने फसल उजाड़ने का विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की।

### प्लॉट पर कब्जा करने का विरोध करने पर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के परतापुर चौधरी निवासी महिला के प्लॉट पर दबंगों ने कब्जा करने की कोशिश की और विरोध पर मारपीट की। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। परतापुर चौधरी की रिजवाना ने बताया कि उनका प्लॉट हजियापुर में हैं। वह 28 अप्रैल को जब प्लॉट की नींव भरवा रहीं थीं तभी अल्तमश, उसकी पत्नी रुखसाना और दो लड़कियां आ गईं। सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और निर्माणाधीन दीवार गिरा दी और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज के लिए विवाहिता को पेट्रोल से जलाने की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज न मिलने पर पति और ससुरालियों ने विवाहिता पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। विवाहिता ने प्रेमनगर थाना में पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रेमनगर निवासिनी श्रेया सक्सेना ने बताया कि उनका विवाह 26 जनवरी 2023 को इंद्रानगर निवासी अनुज सक्सेना के साथ हुआ था। शादी के तीन महीने बाद ही पति समेत अन्य ससुरालवाले दहेज की मांग करते हुए उत्पीड़न करने लगे। 18 अप्रैल को पति अनुज, ससुर अशोक सक्सेना, सास चित्रा, ननद वंदना और ननदोई नवल किशोर ने पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। वह बचकर इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंची और फोन से पिता को सूचना दी। पिता ने यूपी 112 से शिकायत की, तभी जेठ विशाल बाबू ने उनके पिता को फोन करके झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी दी।

### खाद्य तेलों मे मिलावट पर की शिकायत

**विधि संवाददाता, बरेली :** मानव अधिकार संरक्षण मंच के अध्यक्ष रिठौरा निवासी वीरेंद्र पाल गुप्ता एडवोकेट ने राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सरसों के तेल, रिफाइंड आदि खाद्य तेलों में मिलावट पर रोक लगाने और कंपनियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा कि देश की तमाम नामी तेल कम्पनियां अपने सरसों के तेल, कच्ची घानी, रिफाइंड, सोयाबीन आदि तेलों से अधिक लाभ कमाने के लिए इन उत्पादों पर गलत लेवल लगाकर बेंच रही हैं, जिससे लोग धोखा खाकर इन तेलों को खरीद और उपयोग कर रहे हैं, जबकि इन उत्पादों में जिन खतरनाक रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है उससे उत्पाद की प्राकृतिक गुणवत्ता और पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जो धीमे जहर के सिवाय कुछ नहीं हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहांपुर

## मनरेगा में इतनी कम मजदूरी से पेट भरना मुश्किल

● जिले में 2.60 लाख मजदूरों को प्रतिदिन 237 रुपये मिलती है मजदूरी

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जिले में दो लाख साठ हजार लोग मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। मजदूरों को मजदूरी में खास बढ़ोत्तरी न होने का मलाल है। मजदूरों का कहना है कि इतनी कम मजदूरी में पांच लोगों के परिवार का पेट भरना मुश्किल है। आरोप लगाया कि कि प्रधान, सचिव अपने चहेते लोगों के ही जॉब कार्ड बनवाकर मजदूरी पर लगवा देते हैं और भुगतान करा ले रहे हैं, अन्य लोग मजदूरी करने के लिए भटक रहे हैं। करेली के ननकू का कहना है कि मनरेगा में हाल में ही सात रुपये बढ़ाए गए हैं। इतनी कम मजदूरी वह भी समय से मिल जाए तो ठीक है। जबकि बाहर तो चार सौ रुपये मजदूरी मिल जाती है। करेली के ही होरीलाल ने बताया कि इस सरकार में आनलाइन खाते में पेमेंट भी आ रहा है। बस मजदूरी बढ़ जाए तो और बेहतर हो जाए। डीसी मनरेगा मोहम्मद हसीब अंसारी ने बताया कि मनरेगा में दो लाख साठ हजार मजदूर हैं। खाते में आनलाइन मजदूरी भेजी जाती है।

### गलती से खाते में गई रकम वापस न करने पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** गलती से एक व्यक्ति के खाते में एक लाख रुपये चले गए। मांगने पर आरोपी ने रुपये देने से इन्कार कर दिया। बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लश्करीगंज निवासी अंश पटेल ने बताया कि उनकी मां का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा भिंडौलिया में है। 29 सितंबर 2023 को रुपये ट्रांसफर करते समय गलती से एक लाख रुपये गोपालपुर नगरिया निवासी महावीर सिंह के खाते में चले गए। रुपये मांगने पर महावीर टालमटोल करने लगा और रुपये निकालकर खर्च कर लिए। आरोपी ने 17 हजार रुपये दिए हैं, जबकि 83 हजार रुपये नहीं दिए।

### व्यापारी को टक्कर मारने वालों के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** गांधी मार्केट में स्कूटी पर बैठे व्यापारी शफी अहमद को टक्कर मारने वाले कार सवारों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फाईक एन्क्लेव निवासी मोहम्मद आसिफ ने बताया कि वह गांधी मार्केट में रविवार रात साढ़े दस बजे दुकान बंद कर रहे थे। उनके पिता मोहम्मद शफी दुकान के बाहर स्कूटी पर बैठे थे। इसी दौरान बटलर प्लाजा की ओर से तेज गति से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी।




# नाबालिग दोस्तों ने तलवार से किया था फरमान का कत्ल

## बोले- हमसे सिगरेट मंगाता था और फिर बेइज्जत भी करता था

संवाददाता, भुता

- पुलिस ने किशोर न्याय बोर्ड में पेश करके दोनों को बाल सुधार गृह भेजा

**अमृत विचार :** भुता पुलिस ने दो दिन पहले हुए फरमान हत्याकांड का खुलासा करते हुए उसके दो नाबालिग दोस्तों को गिरफ्तार करके किशोर न्यायबोर्ड में पेश किया जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

भुता थाना क्षेत्र के गांव परेवा कुइया में शनिवार रात्रि को दसवीं के छात्र फरमान की धारदार हथियारों से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। किशोर का शव अगले दिन सुबह गांव के बाहर इलियास के खेत में मिला था। पुलिस ने मृत छात्र के पिता की तहरीर के आधार पर गांव के ही नामजद आरोपी गौतम पुत्र विजयपाल और दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी गौतम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया, उसने बताया कि इस हत्या में उसका एक और दोस्त शामिल है, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया।

आरोपियों ने बताया कि फरमान हमारा दोस्त था और आए दिन वह हमसे दबंगई में सिगरेट मंगाता था और हमारी बेइज्जती करता था। इसी से नाराज दोनों दोस्तों ने साजिश रचकर उसको सिगरेट पीने के बहाने शनिवार की रात को गांव के बाहर बुलाकर ले गए वहां पहले से छिपाकर रखी तलवार से हमला करके हत्या कर दी। इसके बाद तलवार को वहीं खेत में पुआल के नीच छिपा दी थी। इसके बाद दोनों अपने- अपने घर चले गए थे। पुलिस ने बाल अपचारियों की निशानदेही से हत्या में प्रयुक्त खून के धब्बों से जमी हुई तलवार बरामद कर ली है। आरोपियों को मंगलवार को किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

## सड़क हादसे में बेटे की मौत, पिता घायल

**आंवला, अमृत विचार :** भूसा बनाने वाली मशीन का सामान लेकर घर लौट रहे बाइक सवार बेटे की मौत हो गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए। उरला गांव निवासी शिवम चौहान (21) पिता सुरेश पाल सिंह के साथ सोमवार को बाइक से भूसा बनाने वाली मशीन के पार्ट लेने बदायूं गया था। लौटते समय आंवला-बदायूं रोड के कुंवरगांव बदायूं के समीप एक टेंपो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई, उसके पिता घायल हो गए। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव गांव पहुंचने पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने बताया कि शिवम खेती किसानी करता था। वह अविवाहित था और तीन भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था।



## सार-संक्षेप

### तालाब में नहाने गए बच्चे की डूबने से मौत

**भमोरा, अमृत विचार :** तालाब में नहाने गए बच्चे की डूबने से मौत हो गई, परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया। मिलक मझारा के गोवर्धन राजपूत ने बताया कि उनका बेटा केशव (6) मंगलवार दोपहर गर्मी से निजात पाने के लिए बड़ी बहन पूजा और परिवार के हिंमाशु के साथ गांव से कुछ दूर तालाब में नहाने गया था। नहाते समय गहरे पानी में जाने से वह डूब गया, जिसे डूबते देख पूजा और हिमांशु चिल्लाने लगे, किंतु किसी ने उन दोनों की आवाज नहीं सुनी। दोपहर एक बजे तालाब में डूबे केशव को देख श्रीपाल की बेटी कन्यावती रोते हुए घर आई। जानकारी होने पर गोवर्धन भागते हुए तालाब की तरफ गए। उनके पहुंचने से पहले तालाब में भैंस नहलाने पहुंचे परिवार के ही छेदालाल ने केशव को बाहर निकला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घर वालों ने बिना पुलिस को सूचना दिए बेटे का अंतिम संस्कार कर दिया।

### तीन किलो स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बरेली/ फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर पुलिस ने दिल्ली, उत्तराखंड समेत अन्य शहरों में स्मैक सप्लाई करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन किलो स्मैक बरामद हुई है। पुलिस का दावा है कि स्मैक की कीमत करीब दो करोड़ रुपये है। आरोपी झारखंड से अफीम मंगाकर उसमें नशीला पदार्थ मिलाकर स्मैक तैयार करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव मोहनपुर फरीदपुर निवासी नसीम और आदिल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी गांव में एक झोपड़ी में लंबे समय से स्मैक बनाने का काम करते थे। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से यह काम कर रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान जरूरी



**भदपुरा, अमृत विचार :** संघटक राजकीय महाविद्यालय भदपुरा में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह ने छात्रों को मतदान का महत्व बताते हुए इसे लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी बताया। इस दौरान छात्रों ने मतदान करने का संकल्प लेते हुए मतदान के दिन अपनी सहभागिता निभाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रांत संयोजक एसएफ डी गौरव राठौड़, डॉ. राजीव, डॉ. राजेंद्र, डॉ प्रीति गुप्ता, डॉ. ज्योति, डॉ. बबीता, डॉ. वीरपाल, सूरज, संतोष,आदि उपस्थित थे।

### पति को मृत दिखाकर मंजूर करा दी विधवा पेंशन

**नवाबगंज/ क्योलड़िया, अमृत विचार :** क्योलड़िया के मेंहदी हसन की पत्नी रबीना बेगम ने क्योलड़िया थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति की वृद्धा पेशन बनवाने को कहकर कस्बे के ही एक व्यक्ति ने केवाईसी के लिए पति का आधारकार्ड चार माह पूर्व लिया था, जिसने उसके पति को मृत दिखाकर उसकी विधवा पेंशन बनावा दी, जिसे दूसरी महिला के खाते में डलवाकर बंदरबाट कर रहा था। उसे इसकी जानकारी तब हुई जब वह कस्बे के एक जनसेवा केंद्र पर पेशन की जानकारी करने गई। आरोप है कि 24 अप्रैल को आरोपी उसके घर आया और शिकायत कराने पर देख लेने की धमकी देकर चला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आंवला में 12 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिस ने मारपीट के मामले में नगर समेत तीन स्थानों से 12 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मारपीट और विवाद के चलते शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनौना के प्रिंस, अवधेश, शमशाद, बहादुर, सज्जाद, मैराज, नगर के गंज कुरेशियान निवासी शिवम वर्मा, अभिषेक कश्यप, विशाल, रामनगर के अलाउद्दीन, इज्जत अली, बद्री के खिलाफ कार्रवाई की।

## फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**फरीदपुर, अमित विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। उसके मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बरेली के थाना कैंट निवासी गांव परगामा निवासी तेजराम की पुत्री लता कुमारी का विवाह थाना फरीदपुर के ग्राम पचौमी रिंकू के साथ वर्ष 2019 में हुआ था। परिजनों ने बताया कि उसने दो बच्चों को जन्म दिया था, दोनों की ही मौत हो चुकी है। लता कुमारी (22) का शव मंगलवार देर शाम घर में कुंडे पर फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर सीओ गौरव कुमार, प्रभारी निरीक्षक रामसेवक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रामसेवक ने बताया आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

# मंडल में अब तक 1.19 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद, शाहजहांपुर सबसे आगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- पिछले साल के मुकाबले अब तक 95 फीसदी अधिक हुई गेहूं की खरीद
- बरेली में 22,645.23 और शाहजहांपुर में 59008.77 में मीट्रिक टन खरीद

**अमृत विचार :** मंडल में अब तक 1.19 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो गई है, जिसमें शाहजहांपुर जिला सबसे आगे है। अब तक 10 प्रतशित खरीद ही हुई है लेकिन पिछले साल के सापेक्ष अप्रैल तक यह 95 प्रतिशत अधिक है।

खाद्य एवं विपणन विभाग की ओर से गेहूं खरीद के लिए मंडल में 622 केंद्र खोले गए हैं, जिनमें 619 पर खरीद शुरू हो गई है। गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू हुई थी लेकिन शुरुआत में काफी दिनों तक केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा था। अब खरीद में तेजी आई है।

शासन ने इस साल मंडल में 1129400 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य के सापेक्ष अब तक मंडल में 119667.60 मीट्रिक टन खरीद हुई है। जबकि पिछले साल इतने दिनों में मंडल में 5423.20 मीट्रिक टन ही खरीद हो पाई थी। बरेली के 137 केंद्रों पर 23655.08 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 9.86 प्रतिशत, बदायूं के 136 केंद्रों पर 16236.26 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 9.74 प्रतिशत, पीलीभीत के 145 क्रय केंद्रों पर 20767.50 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 6.74 प्रतिशत और शाहजहांपुर के 201 क्रय केंद्रों पर 59008.77 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 14.23 प्रतिशत खरीद अब तक हुई है। अधिकारियों के मुताबिक खरीद बढ़ाने के लिए लगातार किसानों से संपर्क कर रहे हैं। अधिक फसल उगाने वाले किसानों के घर जाकर तौल कराई जा रही है। किसानों को भुगतान भी 48 घंटे में किया जा रहा है। बरेली जिले में अब तक 3837 किसानों को 49.25 करोड़ रुपये के आसपास भुगतान किया जा चुका है। लगभग 90.73 प्रतिशत किसानों को भुगतान हुआ है। डेलापीर मंडी में बने केंद्र पर तौल करा रहे एक किसान ने बताया कि क्यारा ब्लॉक से करीब 90 कुंतल गेहूं लेकर मंडी आए हैं। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई।

### देवर ने भाभी से की अश्लीलता, विरोध पर पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे से सटे एक गांव की महिला ने नवाबगंज थाने पर दी तहरीर देकर बताया कि उसका पति दिल्ली में काम करता है। 29 अप्रैल को सौतेला देवर उसके कमरे में घुस आया और उससे अश्लीलता की। उसने विरोध किया तो उसकी पिटाई की। इस दौरान उसकी ननद घर में थी पर उसने भी उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। जब उसने इसकी शिकायत अपने सास-ससुर से की तो उन्होंने उसकी एक नहीं सुनी। आरोप है कि इस दौरान सौतेले देवर ने उसे धमकी दी कि अगर शिकायत की तो उसके पति को दिल्ली जाकर जान से मार देगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी करने के बाद ससुराली दहेज की मांग करने लगे और मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट करने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव मल्लपुर सबरहा निवासी धर्मवीर की बेटी अर्चना ने बताया कि उसका विवाह दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गांव खुटिया के पंकज से हुआ था। आरोप है कि, शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुराल वाले उससे और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि, जान से मार देने की धमकी तक दी गई। पुलिस ने पति, ससुर और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### बहन के देवर ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**कैंट,अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि उसकी बहन का देवर उसके घर आता जाता था। एक दिन वह घर पर अकेली थी। इस बीच आरोपी घर आया और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद जब भी आता शादी का हवाला देकर दुष्कर्म करता। 31 मार्च को आरोपी ने युवती से संबंध बनाने को कहा तो उसने पहले शादी करने की बात कही। आरोपी बौखला गया उससे जबरन दुष्कर्म किया, इसके बाद मारपीट करके शादी न करने की बात कहकर भाग गया। युवती की तहरीर पर कैंट पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### स्कूटी सवार की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** छह दिन पूर्व एक कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवीपुरा गांव निवासी जसपाल ने बताया कि उसका बेटा हेमेन्द्र पाल (32) आंवला नगर की आदर्श नगर कॉलोनी में किराना की दुकान चलाता था। 24 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे वह दुकान बंद करके स्कूटी से गांव देवीपुरा जा रहा था। थाना गेट के समीप एक कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को मिलेगा उपहार

**दुनका, अमृत विचार :** दुनका के कुंवर भगवान सहाय आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी विद्या मंदिर सहोड़ा के प्रबंधक जयेश प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे स्कूल के 66 छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिनमें से 64 बच्चों ने सफलता प्राप्त की। मैंने बच्चों से वादा किया था जो भी छात्र तहसील स्तर पर टॉप करेगा, उसे अपनी तरफ से दस हजार रुपये या बाइक उपहार में देंगे। मेरे विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का कुल रिजल्ट 98 .67 प्रतिशत रहा। मोहित मौर्य ने 92 .67 प्रतिशत के साथ तहसील स्तर पर टॉप किया। दूसरे छात्र अवनीश कुमार 89 फीसदी और रवित कुमार का 88 फीसदी रहा। इन सभी छात्रों को 15 अगस्त को एसकेबीएस के वार्षिक उत्सव उपहार दिया जाएगा।

# महिला सिपाहियों से छात्रों ने की अभद्रता, विरोध पर पति को पीटा

**भमोरा, अमृत विचार :** भमोरा थाना क्षेत्र के एक ढाबे पर चाय पीने के लिए रुकी महिला सिपाहियों से सोमवार रात इंटर के छात्रों ने बदसलूकी की। आरोप है कि महिला सिपाही के पति ने विरोध किया तो उससे गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम आरोपी छात्रों को थाने ले आई। इंस्पेक्टर क्राइम राकेश सिंह ने बताया अलीगंज थाने में तैनात महिला सिपाही अपने दोस्त और पति के साथ खरीदारी करने बरेली गई थी। लौटते समय रामपुरा मोड़ के पास एक ढाबे पर चाय पीने के लिए रुक गई, महिला सिपाही का पति गाड़ी ढाबे के आगे लगाकर चाय लेने चला गया। इसी दौरान ढाबे से खाना खाकर निकले इंटर के छात्र वैभव सिंह, पुत्र प्रेम सिंह निवासी पड़री, ब्रह्मदीप सिंह पुत्र हरीश चंद्र और राहुल सिंह पुत्र चरन सिंह निवासी पड़री गाड़ी में सादा कपड़ों में बैठी महिला सिपाहियों से बदसलूकी करने लगे। महिला सिपाही के पति ने विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे मारपीट शुरु कर दी। तभी महिला सिपाही ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस तीनों आरोपियों को थाने ले आई महिला सिपाही के पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मंगलवार आरोपी छात्रों को जेल भेज दिया।

## चाचा-भतीजे की मौत के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** दो दिन पूर्व शादी में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी। जिसमें चाचा भतीजे की मौत हो गई थी और एक व्यक्ति घायल हो गया था। मृतक के भाई ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। डरूआपुर गांव निवासी आकाश ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि दो दिन पूर्व शाम करीब 6 :30 बजे उसका भाई आशीष, हुकुम सिंह, लक्ष्य बाबू बाइक से सिरौली के गांव बरसेर में शादी में जा रहे थे। रसूलपुर गांव के समीप एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे लक्ष्य बाबू और उसके भाई आशीष की मौत हो गई, जबकि हुकुम सिंह घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## घर से लापता छात्र को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** मां के पेन चोरी करने की शिकायत पर शिक्षक की डाट से नाराज होकर लापता हुए 10 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने मंगलवार को एक ठेले वाले की मदद से विलवा मोड़ पुल से बरामद करके परिजनों को सौंप दिया। गांव मड़ौली निवासी विमल कुमार का बेटा यूनिक माडल स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ता है। दो दिन पहले उसने किसी बच्चे की पेन चोरी की थी। जानकारी होने पर उसकी मां ने स्कूल में जाकर शिकायत की, जिस पर शिक्षक ने डाटा था, इससे नाराज होकर वह सोमवार को लापता हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मंगलवार सुबह कस्बे के बरात घर के सामने रोड पर उसका बैग मिला था। पुलिस की तीन टीम बनाकर खोज शुरू की। सुबह करीब 10 बजे विलवा पुल के पास मौजूद ठेला स्वामी ने बच्चे को भटकते देखकर उसे अपने पास बैठाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे समझा परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान सीओ हाईवे नितिन कुमार ,थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय, पुष्पेंद्र सिंह, राजेश कुमार रावत मौजूद रहे।

# पूर्व सभासद की बहू का शव घर पहुंचा, बेटे की हालत गंभीर

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** रिछा के पूर्व नगर पंचायत सभासद सगीर अहमद की बहू अरमां की श्रीनगर लेह हाईवे पर हुए हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने रेस्क्यू करके उनके बेटे समेत तीन को बचाया था। मंगलवार को उनकी बहू का शव घर पहुंचा।

वार्ड 5 के पूर्व सभासद सगीर अहमद उर्फ मुल्ला जी के पुत्र समीर की 2 माह पहले कस्बे के ही नईम की पुत्री शगूफी उर्फ अरमां से निकाह हुआ था। निकाह के बाद नवदंपती हनीमून मनाने एक सप्ताह पूर्व कश्मीर गए थे। रविवार शाम दोनों एक कैब से श्रीनगर लेह हाईवे से गुजर रहे थे। सोनमर्ग के निकट टैक्सी कैब सिंधू नदी में जा गिरी। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ रेस्क्यू कर तीन लोगों को बचा लिया गया था। जबकि चार शव बरामद कर लिए गए हैं। और समीर को घायल अवस्था में हास्पिटल में भर्ती करा दिया गया है।

कतर में सिविल इंजीनियर की नौकरी करने वाले समीर से रिश्ता होने से ही अरमां काफी खुश थी। 3 मार्च को दोनों का निकाह हुआ था। रविवार को लेह हाईवे पर हुए हादसे में बहू की मौत और बेटे के घायल होने से घर में सन्नाटा पसरा हुआ हैं। मंगलवार को जब बहू का शव घर आया तो उनके घर के बाहर शोक जताने वालों की भीड़ लग गई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रिया देवल के यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल रोल नं. 0853162 एवं इन्टरमीडिएट रोल नं. 0628617 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **अवध बिहारी पुत्र दिवारी लाल नि. 551, नीरू यादव वाली गली, मढ़ीनाथ, बरेली।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी सं. 225776202 में मेरा नाम राजकुमार दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में भी मेरा नाम रवि कुमार दर्ज है। राजकुमार व रविकुमार दोनों नाम मेरे ही हैं तथा मैं इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। **रवि कुमार पुत्र सीताराम निवासी पिपरिया भागवन्त, परगना खुटार, तह. पुवायां, जिला शाहजहाँपुर।**

सूचना

मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद जैन (MOHAMMAD ZAIN) है मेरा पुत्र राधा माधव स्कूल में शिक्षा प्राप्त करता था किन्तु वर्ष 2023-24 में जब मैंने अपने का पुत्र का स्थानान्तरण प्रमाण पत्र मांगा तो उसमें पुत्र का नाम मो. जैन (MOHD. ZAIN) भूलवश दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। आधार कार्ड व जन्म प्रमाण में वास्तविक नाम मोहम्मद जैन (MOHAMMAD ZAIN) दर्ज है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये। **फरहान अहमद पुत्र अब्दुल सुवहान निवासी- 460 शाहबाद, दीवान खाना, बरेली**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम नीता सिंह के स्थान पर अब नीता कुमारी है। मुझे अब भविष्य में नीता कुमारी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। मैं अब भविष्य में अपने सभी कार्यो एवं दस्तावेजों में नीता कुमारी के नाम से ही जानी जाऊ। **नीता कुमारी पुत्री नेत्रपाल सिंह निवासी ग्राम भजनई पोस्ट राजपुर कला तह. आंवला, बरेली**

सूचना

सूचित हो कि हमारा मकान स्थित वार्ड नं. 8 कुंवरगांव तहसील व जिला बदायूँ उक्त सम्पत्ति के पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 24.10.2008 वही संख्या 1 है जिल्द संख्या 5149 पृष्ठ संख्या 267 से 294 क्रमांक 8984 का एक पृष्ठ जिसमें 20 रूपये का स्टाम्प लगा है रास्ते में कहीं गिर गया है। जिस किसी को मिले वह इस पते पर पहुंचाने का कष्ट करें। **मिथलेश कुमारी पत्नी शैलेन्द्र कुमार सिंह कुंवरगांव तहसील व जिला बदायूँ। मो. 9058276278**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



श्रद्धांजलि सभा/ब्रह्मभोज

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पिता पंडित दीनदयाल शर्मा जी (रिटायर्ड प्रधानाचार्य) का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 15.04.2024 सोमवार को हो गया था। उनकी श्रद्धांजलि सभा दिनांक 01.05.2024 (बुधवार) को 12 से 1 बजे तक तत्पश्चात ब्रह्मभोज मेरे निवास पर होगा।

निवेदक
दक्ष शर्मा पाराशर
निवासः मेगा ड्रीम कॉलोनी फ्लैट नं.406 कर्मचारी नगर, बरेली। मो.8755779915

## बालाजी महाराज को लगाया छप्पन भोग, भजनों पर रात भर झूमे भक्त



**शीशगढ़, अमृत विचार :** कस्बे के श्रीराम लीला मैदान में बालाजी मंडल शीशगढ़ की ओर से मंगलवार को सातवीं बार श्री बालाजी महाराज का दरबार सजाया गया। प्रभु के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बालाजी दरबार में ऊधमसिंह रुद्रपुर से पहुंचे अमन सावरिया ओर ग्वालियर से पहुंचे मनोज शर्मा ने बाबा का भजनों से गुणगान किया। भक्तों ने पूरे समय जय श्रीराम,जय बालाजी महाराज का जयघोष किया। सबसे पहले दरबार में श्रीबालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत राजेन्द्र अग्रवाल ने विधि विधान से पूजन कर ज्योत जलाई। इसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर भक्तों को निहाल कर दिया। इस मौके पर बालाजी मंडल शीशगढ़ के सदस्य सौरभ अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, लक्ष्मी देवल, राजीव गुप्ता, राजीव कटेरिया, वीरेंद्र कटेरिया, अंकित राठौर, वीरेन्द्र कटेरिया समेत अन्य मौजूद रहे।

